अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# कार की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

## पुत्र की बाइक पर बैठ कर ट्रैजरी में पेंशन सत्यापन को आई थी महिला

कार्यालय संवददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** कार की टक्कर से बाइक सवार वृद्ध महिला गिर कर घायल हो गई। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। ट्रेजरी में पेंशन सत्यापान को लेकर पुत्र की बाइक पर बैठ कर वह आई थी। एसपी कार्यालय के सामने दुर्घटना हो गई।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव हजरतपुर गांव निवासी लीलावती( 65 ) पत्नी राजाराम सोमवार को पुत्र संजू की बाइक पर बैठ कर कलक्ट्रेट स्थिति ट्रैजरी में पेंशन सत्यापन के लिये आई थी। दोपहर करीव 12 बजे ट्रैजरी में काम निपटाने के बाद पुत्र की बाइक पर बैठ कर घर जा रही थी। जैसे ही पुत्र की बाइक विकास भवन के सामने कट पर पहुंची उसी समय विकास भवन की ओर से निकल रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक गिर गई। बाइक पर बैठी वृद्धा के सिर में चोट आई। इससे वह बेहोस हो गई। दुर्घटना देख आसपास लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। लोगों ने एक निजी कार से वृद्धा को जिला अस्पताल गंभीर हालत में भेजा। जिला अस्पताल में इमरजेंसी के डाक्टर ने जांच के बाद वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। जिला अस्पताल से भेजे गये मेमोके आधार पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। दुर्घटना में मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये। बताया जाता है कि वृद्धा के पति पुलिस में दरोगा के पद पर थे। उनकी मौत के बाद पेंशन पत्नी लीलावती को मिल रही थी। वह पुत्र की बाइक पर बैठ कर कलक्ट्रेट ट्रेजरी आई थी।



एसपी कार्यालय के बाहर सड़क किनारे घायल अवस्था में पुत्र की गोद में लेटी वृद्ध महिला। अमृत विचार

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- बाइक से मामा के घर जा रहा था युवक, रास्ते में हादसा
- तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में हुई दुर्घटना,पुलिस कर रही जांच

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** मामा के घर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार की देर शाम थाना ठठिया क्षेत्र के ग्राम हरईपुर निवासी उदयवीर बाथम का 19 वर्षीय पुत्र विक्रम अपनी बाइक से कोतवाली तिर्वा के ग्राम अली नगर में अपने मामा के घर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के दानेहर गांव के सामने पहुंची तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पचोर चौकी की पुलिस ने उसकी पहचान करने के बाद परिजनों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मेडिकल कालेज पहुंच गये।



विक्रम।

मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार को पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



आग बुझाते फायर ब्रिगेड की टीम व पुलिस। अमृत विचार

## संदिग्ध हालात में घर में लगी आग, वृद्धा झुलसी

संवाददाता छिबरामऊ,कन्नौज

**अमृत विचार।** छिबरामऊ कोतवाली के सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के हसनपुर गांव में रविवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक घर में भीषण आग लग गई। इस हादसे में घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। घर से निकल न पाने से गृहस्वामिनी एक बुजुर्ग महिला झुलस गई हैं।

आग श्री कृष्णा की पत्नी शिवरानी कठेरिया के घर में लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे घर का समस्त कीमती सामान जल कर नष्ट हो गया। आग की तपिश इतनी अधिक थी कि पास के दो अन्य घरों की दीवारें भी चटक गईं। सूचना मिलने पर कोतवाल विष्णुकांत तिवारी और फायर ब्रिगेड प्रभारी प्रांशु अवस्थी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की दो गाड़ियों ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला शिवरानी गंभीर रूप से घायल हो गईं। आरोप है कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति नाराजगी रही।

## न्यूज ब्रीफ

### ईमानदारी से व्यापार में मिलती सफलता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार को जीटी रोड, ग्राम सरायप्रयाग स्थित प्रतिष्ठान का बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाएं तथा क्षेत्र के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे। उन्होंने नए प्रतिष्ठान के लिए दुकानदार को शुभकामनाएं दीं। दुकान की संचालिका वंदना यादव ने बताया कि कॉपियां एवं रजिस्टर थोक व फुटकर रेट पर उपलब्ध होंगे। जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों और दुकानदारों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर विकास यादव, सरनाम राजपूत, संदीप राजपूत, ओमेंद्र, स्वाति, छाया, सौम्या, श्रुति, आरती, ज्योति आदि उपस्थित रहें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सौरिख।** जनपद औरैया के थाना एरवाकटरा के गांव बड़ीन निवासी करतार सिंह ( 55) अपने साथ नरेश चंद्र( 55) के साथ रविवार को अपनी रिश्तेदारी से शाम लगभग 4 बजे बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। बिधूना रोड पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### तारबंदी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**सौरिख।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत फूलनपुर के ग्राम नगला समाधान में गांव के चकरोड पर की गई तारबंदी से लोगों को दिक्कत हो रही है। इस को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकरोड पर लगाए गए तार बाइक में फंसकर पास से गुजर रही 11000 वोल्ट की बिजली लाइन के खंभों में लिपट गए हैं। इससे हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

# जिले में पंचायत सहायक के 48 पद रिक्त, आज से करिए आवेदन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**20** से 22 अप्रैल तक को दे दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र

- चयनित होने के बाद एकाउंटेंट कम डाटा इंट्री ऑपरेटर को प्रतिमाह मिलते छह हजार रुपये
- ग्राम सचिवालय में बैठकर करना होता है कंप्यूटर पर काम, 30 मार्च आवेदन की अंतिम तारीख

**अमृत विचार।** जिले के आठों विकास खंड इलाकों की 48 ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों (एकाउंटेंट कम डाटा इंट्री ऑपरेटर) के पद रिक्त हैं। इनको भरने की अनुमति मिल गई है। 17 मार्च यानि आज से आवेदन शुरू हो जाएंगे जो 30 तारीख तक लिए जाएंगे।

जिला पंचायत राज अधिकारी राजेंद्र प्रकाश ने फरवरी में सभी एडीओ पंचायत से कुल 499 पंचायत सहायक के सापेक्ष रिक्त पदों की जानकारी मांगी थी। छह मार्च तक दी गई सूचना के मुताबिक तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र में 08, जलालाबाद में 04, उमर्दा में 05, छिबरामऊ में 12, कन्नौज में 02, सौरिख में 07, हसेरन में 07 व गुगरापुर में 03 पंचायत सहायकों के पद रिक्त मिले। डीपीआरओ ने जारी किए पत्र में कहा है कि 17 से 30 मार्च तक डीपीआरओ कार्यालय, विकास खंड कार्यालय व ग्राम पंचायत में आवेदन जमा किए जाएंगे। 31 मार्च से 05 अप्रैल तक डीपीआरओ व ब्लॉक में आए आवेदनों को संबंधित ग्राम पंचायतों को भेजा जाएगा। 06 से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों में मेरिट सूची तैयार की जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायतों की प्रशासनिक समिति के समक्ष विचार के लिए भेजा जाएगा। उसका अनुमोदन मिलने पर जिला स्तरीय समिति को भेजने के लिए सदस्य सचिव डीपीआरओ को उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी 13 से 18 अप्रैल तक परीक्षण कर संस्तुति देगी।

### इन ग्राम पंचायतों में रिक्त हैं पद

- विकास खंड तालग्राम के अमरौली, बिरौली, चंदपुरा, जलामऊ अलमापुर, तमियामऊ, मुंडाला, रनवां व जुनैदपुर में पंचायत सहायक के पदों पर आवेदन मांगे गए हैं। इसी तरह जलालाबाद में अटारा निस्फ तिर्वा, विसंधुआ, मीरपुर व जेवां, उमर्दा में ठठिया, सुखी, कुढ़िना, महतेपुर्वा व चंदौली, कन्नौज में बलारपुर व अहमदपुर रौनी, छिबरामऊ में प्रेमपुर, कुंवरपुर बनवारी, अकबरपुर, लोकपुर, रामपुर हृदय, महमूदपुर जागीर, प्रानपुर पल्यौरा, बिकूपुर, अतिराजपुर, नौली, बिर्रा व हरिवल्लभपुर, सौरिख के कबीरपुर, मझूपुर, शरीफाबाद, खानपुर, सहरोई, रौसेन व खड़िनी, हसेरन के नगला दनुआ, चपुन्ना, कर्री, फूलपुर, हुसैननगर, बनगवां व खरगपुर बिलंदपुर और गुगरापुर में कुसुमखोर, बरामऊ बांगर व माछा।

## प्लाट बेचने से नाराज बहू ने मकान के कमरे में फांसी लगा दी जान

**तिर्वा, कन्नौज।** बेटी के विवाह के लिए प्लाट बेचने से नाराज बहू ने मकान के कमरे में गले में फंदा डाल कर आत्म हत्या कर ली।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरुआहार डम्मरपुर निवासी गिरीश चंद्र ने अपनी पुत्री की शादी के लिए एक प्लाट बेचना तय किया। पेशगी के तौर पर एक लाख रुपए भी ले लिये थे। इसी बात को लेकर उसकी बहू राजरानी (24) से काफी कहा सुनी हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर राजरानी ने सोमवार को अपने मकान के कमरे में साड़ी से गले में फंदा डाल कर आत्म हत्या कर ली राजरानी की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी सात माह की बच्ची भी है। राजरानी के मायके विधूना सूचना भेजी गई है। जानकारी पर मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। उधर सूचना पर कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार को पंचायतनामा भरने के लिये बुलाया। इस के बाद पहुंचे मजिस्ट्रेट ने पंचायतनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खुशखबरी:हज यात्रियों को मिलेगी जीपीएस से कनेक्ट स्मार्ट वॉच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बिछड़ने के समय बटन दबाते ही मिलेगा कंट्रोल रूम को सिग्नल, पूरा चार्ज रखना जरूरी
- किचन व्यवस्था समाप्त, यात्रियों को कैटरिंग व्यवस्था के तहत खान-पान उपलब्ध कराया जाएगा

**अमृत विचार।** राज्य हज समिति ने हज यात्रा 2026 को लेकर कई नई व जरूरी जानकारी दी हैं। इस बार प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल पर बुकिंग के बाद प्रपत्रों के वितरण के समय एक- एक स्मॉटवॉच भी दी जाएगी। यह डाटा केबल से चार्ज होगी। इसे हज यात्रा के लिए प्रस्थान करने के बाद प्रत्येक यात्री को कलाई में पहनना जरूरी है। जीपीएस से कनेक्ट स्मार्टवॉच में यात्रा से संबंधित पूरा विवरण उपलब्ध होगा। यात्री के बिछड़ जाने या किसी अन्य समस्या होने पर इसमें लगे बटन को यात्री के दबाते ही सीधे कंट्रोल रूप में सिग्नल पहुंच जाएगा। जिससे सही लोकेशन पता लगाने के बाद समस्या का समाधान हो सकेगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि हज यात्री स्मार्टवॉच की चार्जिंग पूरी रखें अन्यथा डिस्चार्ज होते ही यह काम नहीं करेगी। जिससे असुविधा हो सकती है। उन्होंने बताया कि तीसरी व अंतिम किश्त में कैटरिंग की राशि शामिल नहीं होगी जो हज यात्रियों को बाद में जमा करनी होगी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि मक्का में स्वयं भवन में किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। यात्रियों को कैटरिंग व्यवस्था के तहत खान-पान उपलब्ध कराया जाएगा। भारत में अनेक प्रांत हैं जहां लोग अपनी सुविधा के तहत खानपान का सेवन करते हैं लेकिन हज में ऐसा संभव नहीं है, इसलिए हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई की ओर से एक कामन फूड का चयन कैटरिंग सेवा के लिए विचार हो रहा है।

### नुसुक एप से होगा मदीने में रियाजु जन्नाह के लिए पंजीकरण

- सभी हज यात्रियों को उड़ान की तारीख आवंटित हो चुकी है। उड़ान से दो दिन पहले ही स्थल पर पहुंचकर अपनी फ्लाइट की बुकिंग कंफर्म कराना जरूरी होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का कहना है कि इसके लिए यात्री अपने सगे- संबंधियों को भी भेज सकते हैं। बुकिंग के समय पासपोर्ट लाना जरूरी है। यह डैमेज श्रेणी में न हो अन्यथा यात्रा बाधित हो सकती है। प्रत्येक यात्री को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर हज सुविधा एव एवं नुसुक एप डाउनलोड करना जरूरी है। बिना नुसुक एप के मदीना में रियाजु जन्नाह के लिए पंजीकरण संभव नहीं होगा। जिन यात्रियों ने सगे–संबंधियों के नंबर अंकित कर रखे हैं उसको बदलकर अपना नंबर ही रजिस्टर्ड कर दें।

# शिक्षा के विकास को तालमेल जरूरी

संवाददाता छिबरामऊ ,कन्नौज

**अमृत विचार।** स्थानीय निजी गेस्ट हाउस में सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग का एक दिवसीय ब्लॉक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक ने शिरकत की।

विधायक अर्चना पाण्डेय ने स्कूलों के समग्र विकास के लिए ग्राम पंचायतों और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल को अनिवार्य बताया। कार्यशाला का उद्देश्य खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापकों और ग्राम प्रधानों को निपुण भारत अभियान मिड-डे मील और छात्र उपस्थिति बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। संगोष्ठी के दौरान स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के सुधार और स्थानीय चुनौतियों के समाधान पर गहन मंथन हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेश यादव, अच्युत त्रिपाठी, राजेश गौतम, अर्चना चतुर्वेदी, सुशील कुमार, अरविंद चौहान, सत्येंद्र यादव और अनूप मिश्रा सहित भारी संख्या में शिक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।अंत में मुख्य अतिथि ने सभी ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे शिक्षा के प्रति अपनी सक्रिय जिम्मेदारी निभाते हुए ग्रामीण स्तर पर स्कूलों को और मजबूत बनाने में सहयोग करें।



संगोष्ठी में जानकारी देतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

## पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान की मंडल कार्यशाला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ के अंतर्गत सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत एक दिवसीय मंडल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में छिबरामऊ नगर, छिबरामऊ देहात और प्रेमपुर मंडल के सक्रिय सदस्यों व प्रमुख कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान अलग-अलग सत्र आयोजित किए गए जिन्हें अनुभवी वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती कार्यपद्धति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया।

# विद्युत उपकेंद्रों पर अब 24 घंटे तैनात रहेंगे टीजीटू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- उपकेंद्रों की संख्या अधिक, कहां से आयेगे इतने टीजीटू

**अमृत विचार।** जिले के सभी विद्युत उपकेंद्र अब टीजी-2 के हवाले किये जायेंगे। इनकी निगरानी में विद्युत उपकेंद्र संचालित किये जायेंगे। बिजली विभाग के डायरेक्टर के आदेश पर टीजीटू की तैनाती की जा रही है।

जिले के 35 विद्युत उपकेंद्र अभी तक एसएसओ के सहारे संचालित किये जा रहे थे। अधिक जानकारी के आभाव में विद्युत उपकेंद्रों में लगातार फाल्ट आ रहे थे यही नहीं उपकेंद्रों की मशीने अधिक खराब हो रहीं थी। इसी को देखते हुए बिजली विभाग के डायरेक्टर ने जिले के सभी विद्युत उपकेंद्रों पर टीजीटू की तैनाती करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। सोमवार को जिले के सभी टीजीटू की सूची तैयार की गई है। इस में पाया गया है कि जिले में करीव 28 टीजीटू की तैनाती है जब कि विद्युत उपकेंद्रों की संख्या 35 है। इस दशा में सभी विद्युत उपकेंद्रों पर टीजीटू की तैनाती करना संभव नहीं हो पा रहा है। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने सोमवार को कन्नौज डिवीजन के विद्युत उपकेंद्रों की सूची तैयार की है। इसमें पाया गया कि उनके क्षेत्र में 16 उपकेंद्र हैं। छिबरामऊ में 19 विद्युत उपकेंद्र स्थापित हैं। इन में इत्र पार्क का उपकेंद्र अभी शुरू नहीं हो सका है। इसलिये वहां पर बाद में तैनाती की जायेगी। उर्मदा में तीन टीजीटू को पहले ही भेजा जा चुका है। यहां से कुछ को हटा कर दूसरे उपकेंद्र पर तैनाती देने की व्यवस्था की जा रही है। एक्सईएन ने बताया कि सभी विद्युत उपकरेंद्रों पर टीजीटू की तैनाती के लिये व्यवस्था की जा रही है। जिस उपकेंद्र पर टीजीटू की व्यवस्था नहीं हो पायेगी वहां पर अनुभवी एसएसओ को लगा कर काम चलाया जायेगा। इस के बाद शासन से मांग की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी उपकेंद्रों में टीजीटू की तैनाती को लेकर मंथन किया जा रहा है। डायरेक्टर की ओर से तो तीन तीन टीजीटू की तैनाती की बात कही गई है पर उपलब्धन होने से दिक्कतें आ रहीं हैं।



अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह टीजीटू की तैनाती के लिये सूची तैयार कराते हुए।



कंपोजिट स्कूल कपूरपुर में परीक्षा देते नवसाक्षर। अमृत विचार

## जिला जेल समेत 92 केंद्रों पर साक्षरता परीक्षा हुई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 1019 परीक्षार्थियों ने दिया नव भारत साक्षरता इम्तिहान

**अमृत विचार।** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले के सभी आठों विकास खंड क्षेत्रों में 92 परिषदीय स्कूलों में साक्षरता परीक्षा हुई। 1019 परीक्षार्थी शामिल हुए।

जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता शैलेंद्र प्रताप ने बताया कि परीक्षा का समय सुबह 10 से शाम 05 बजे तक रहा। इसमें 15 वर्ष से अधिक के असाक्षर व्यक्ति प्रतिभाग करते हैं जिनको साक्षर बनाने के लिए नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित है। यह परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। रविवार को कन्नौज नगर इलाके में 40, कन्नौज ग्रामीण क्षेत्र में 214, गुगरापुर में 42, तालग्राम में 81, उमर्दा में 283, छिबरामऊ में 97, सौरिख में 100, हसेरन में 80, जलालाबाद में 50 व जिला जेल में 32 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया।

अभियान | वन विभाग कार्यालय से भवन गणना का काम कर्मचारियों ने किया शुरू

# परिसीमन होने के बाद शुरू हुई भवन गणना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- परिसीमन में कई गांव नगर पालिका में हुए शामिल

**अमृत विचार।** नगर पालिका ने परिसीमन के बाद होम सर्वे शुरू कर दिया है। कलेक्ट्रेट रोड के वन विभाग कार्यालय से भवन सर्वे का अभियान चलाया गया है।

सोमवार से नगरपालिका कन्नौज में होम सर्वे शुरू किया गया है। सुबह के समय नगर पालिका के कर्मचारी राम भरोसे, आशीष कुमार, अंकित सिंह राठौर व गौरव कुमार ने सर्वे का काम शुरू किया है। बताया जाता है कि नगर पालिका क्षेत्र का परिसीमा होने के बाद कई गांव और नगर पालिका में जुड़ गये हैं।

नगर पालिका के पास इन नये जुड़े गांव की डिटेल नहीं थी। लोग अपने भवन को नगर पालिका के अभिलेख में शामिल कराने के लिये चक्कर काट रहे थे। नगर पालिका के पास इन भवनों का कोई डाटा उपलब्ध न होने से उनको दिक्कत हो रही थी। इसी के चलते नगर पालिका ईओ ने कर्मचारियों को लगा कर सबसे पहले नगर पालिका क्षेत्र में आने वाले सभी भवनों की गणना शुरू कराई है। यह काम सोमवार से शुरू किया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि सर्वे के इस कार्य में महीनों का समय लगेगा। इसमें नगर पालिका क्षेत्र के सभी मकानों को वह नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज करेंगे। क्योंकि परिसीमन के बाद कई गांव नगर पालिका क्षेत्र में शामिल हो जाने के बाद क्षेत्र का विस्तार हो गया है।

इसी को देखते हुए नये सिरे से पूरे नगर पालिका क्षेत्र में सर्वे का काम किया जायेगा। सभी भवनों का रिकार्डनगर पालिका कार्यालय में सुरक्षित रखा जायेगा। इससे कर्मचारियों को बाद में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। नगर पालिका क्षेत्र के सभी 25 वार्डों में भवन सर्वे का काम किया जायेगा।




वन विभाग के दफ्तर के बाहर भवन की गणना करते नगर पालिका कर्मी। अमृत विचार

# पिटाई से सहमी छात्रा, स्कूल पहुंची हेल्पलाइन की टीम

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

- चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने शिक्षकों व परिजनों से ली जानकारी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के असालताबाद स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा एक की छह वर्षीय छात्रा को पहाड़ा न सुना पाने पर शिक्षिका ने डंडे से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि शिक्षिका पहले भी बच्ची के साथ मारपीट कर चुकी है। घटना से डरी-सहमी छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया । परिजनों की शिकायत पर चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने स्कूल पहुंच कर जांच की है।

मामले में सोमवार को टीम के सदस्य आशीष राठौर और छाया राठौर विद्यालय पहुंचे। टीम ने प्रधानाचार्य, अभिभावक और बच्ची को आमने-सामने बैठाकर बातचीत की। इस दौरान बच्ची इतनी डरी हुई थी कि वह कुछ बोल भी नहीं पा रही थी। प्रधानाचार्य नवीन चौहान ने बताया कि शिकायत मिलते ही आरोपी शिक्षिका को विद्यालय से हटा दिया गया है। अभिभावकों ने बच्ची को आगे उस स्कूल में पढ़ाने से मना कर दिया है। प्रधानाचार्य ने आश्वासन दिया है कि वार्षिक परीक्षा तक वे बच्ची की पूरी जिम्मेदारी लेंगे, इसके बाद उसे टीसी दे दी जाएगी। वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने प्रधानाचार्य को कड़ी हिदायत देते हुए दोनों पक्षों के बीच लिखित समझौता कराया।

अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार, 17 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### अमृतपुर में लगेंगे डिजिटल डिस्प्ले

**अमृतपुर।** अमृतपुर कस्बे में डिजिटल इंडिया योजना के तहत ग्राम पंचायतों को डिजिटल प्रणाली से जोड़ने का कार्य शुरू हो गया है। इस पहल के अंतर्गत, पंचायत भवनों में डिजिटल डिस्प्ले लगाए जाएंगे। इन डिस्प्ले पर ग्राम पंचायत से जुड़े विकास कार्यों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। इन डिजिटल डिस्प्ले को फाइबर केबल के माध्यम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा फाइबर लाइन बिछाई जा रही है। फाइबर केबल बिछाने का कार्य एचडीडी मशीन का उपयोग कर किया जा रहा है, जिससे सड़क या अन्य संरचनाओं को कोई नुकसान न हो। यह कार्य साइड सुपरवाइजर सागर सिंह की देखरेख में संपन्न कराया जा रहा है। अमृतपुर कस्बे से इसकी शुरुआत हो चुकी है, और आने वाले समय में ब्लॉक क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में इस डिजिटल व्यवस्था को लागू किया जाएगा। इस नई व्यवस्था से ग्रामीणों को पंचायत के कार्यों, योजनाओं और विकास गतिविधियों की जानकारी सीधे पंचायत भवन में लगे डिजिटल डिस्प्ले पर आसानी से मिल सकेगी। इससे कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और सूचना तक ग्रामीणों की पहुंच बेहतर होगी।

### 4 लाख की लूट की सूचना फर्जी निकली

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र में कपड़े के व्यापारी से 4 लाख रुपये की कथित लूट का मामला जांच में फर्जी निकला। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि लूट की सूचना देने वाला युवक ही इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड था। पुलिस ने आरोपी और उसके साथी के पास से 2 लाख रुपये बरामद किए हैं। रविवार रात करीब 8.30 बजे कुबेरपुर निवासी उवैद पुत्र मखफूर ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह लालबाग स्थित 'फैजुल कपड़े की दुकान' से 4 लाख रुपये लेकर लौट रहा था। कस्तूरबा स्कूल के पास बाइक सवार दो लोगों ने उसे टक्कर मारकर गिरा दिया और रुपयों से भरा बैग लूट लिया। सूचना मिलते ही सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान उवैद के बयानों में विरोधाभास मिलने पर पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की। इसके बाद उसने स्वीकार किया कि लूट की कोई घटना नहीं हुई थी।

### देश की सलामती के लिए दुआ मांगी

**तिर्वा।** सपा नेता की ओर से सोमवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें कई धर्मों के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष शानू सिद्दीकी की ओर से कस्बे के खैरनगर रोड स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में सोमवार को इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इफ्तार पार्टी में भारी तादात में लोगों ने भाग लेकर रोजा खोला। इफ्तार पार्टी में काफी संख्या में हिंदू समाज के लोग भी शामिल हुए।

### रोजा इफ्तार में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

**गुरसहायगंज।** पूर्व विधायक के रोजा इफ्तार में जनप्रतिनिधियों सहित रोजेदारों की भीड़ उमड़ी। इसमें दलीय सीमाएं टूटती नजर आई और लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सोमवार की शाम मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदरसा मजहरूल उलूम में रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि रमजान में रोजा रखने वालों के सभी गुनाह माफ होते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने से रोजा मुक्कमल होता है।

### हादसों मे 6 घायल एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** सड़क हादसों में छह लोग गंभीर घायल हो गए। कायमगंज कस्बा के मोहल्ला चिलांका निवासी दिलीप कुमार (48) जनपद फर्रुखाबाद के थाना मऊ दरवाजा निवासी सुनील कुमार (38) कायमगंज नगर के मोहल्ला बजरिया रामलाल निवासी अंशुल जैन का 12 वर्षीय पुत्र अनंव क्षेत्र के गांव नुनबारा निवासी विजेंद्र (60) वहलोलपुर निवासी राना (20) थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव चदुंइया निवासी अरविन्द घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सुनील कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पल्लेदार की मौत

## विजय कोल्ड स्टोरेज के पास तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिला जेल से सेंट्रल जेल जाने वाले मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार पल्लेदार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आनन-फानन में उपचार के लिए लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुरा निवासी लगभग 30 वर्षीय विजय जाटव के रूप में हुई है। विजय जाटव एक कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदारी का काम करता था और अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मेहनत मजदूरी करता था। रविवार देर रात वह कोल्ड स्टोर में काम खत्म करने के बाद अपनी बाइक से घर लौट रहा था।

बताया गया कि विजय के पीछे उसके चाचा उमेश और भाई मोहन साइकिल से आ रहे थे। जैसे ही विजय कोल्ड स्टोरेज से कुछ दूरी आगे बढ़ा, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विजय सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। बताया जा रहा है कि उस समय उसने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण सिर में गंभीर चोट लग गई।हादसे के बाद विजय के चाचा उमेश और भाई मोहन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल विजय को तत्काल लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया और पुलिस को मामले की जानकारी दी।

मृतक के चाचा उमेश ने बताया कि विजय जाटव अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसके दो छोटे भाई मोहन और विनय तथा दो बहनें हैं। उसकी माता का नाम चंद्रमुखी और पिता का नाम राम कीर्तन जाटव है। विजय की अचानक मौत से परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में पूर्वोत्तर रेलवे की एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात55 वर्षीयअधेड़ ग्रामीण की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद जंक्शन और शमशाबाद स्टेशनों के बीच नवाबगंज थाना क्षेत्र ग्राम सादिकपुर के सामने आज सोमवार प्रात करीब 6 :00 बजे फर्रुखाबाद जंक्शन से आ रही है एक मालगाड़ी की चपेट में आने से एक 55 वर्षीय अज्ञात ग्रामीण की कटकर दर्दनाक मौत रेल सूत्रों के अनुसार मालगाड़ी से अज्ञात ग्रामीण के अचानक कटकर मौत होने की सूचना रेलवे के कीमैन बलवीर ने समीपवर्ती संबंधितस्टेशनशुकरूल्लापुर स्टेशन अधीक्षक को दी। इसके बाद जहां से संबंधित थाना पुलिस को घटना की सूचना दी गई ।जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शब की पहचान कराने के प्रयास शुरू किये और शिनाख्त न होने पर पंचनामा भरकर शव को मोर्चरी फतेहगढ़ भेजा गया।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग में 4 घरों की गृहस्थी हो गई खाक

संवाददाता फर्रुखाबाद



आग से जला सामान दिखाते पीड़ित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम केहरी नगला में बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते चार घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की इस घटना में हजारों रुपये की नगदी सहित घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम केहरी नगला निवासी रोशन लाल के घर में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और शोर मचाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया, लेकिन तब तक चार घरों की गृहस्थी जलकर राख हो चुकी थी। आग की घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए। पीड़ित रोशन लाल के घर में रखी करीब 10 हजार रुपये की नगदी तथा अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। उन्होंने इस घटना में लगभग 90 हजार रुपये के नुकसान की बात बताई है।

- ग्राम केहरी नगला में हुई घटना लेखपाल मौके पर पहुंचा

वहीं ग्रामीण किसान रामपाल के घर में भी आग पहुंच गई, जिससे करीब 3 हजार रुपये की नगदी और घरेलू सामान जल गया। रामपाल के अनुसार इस घटना में उन्हें करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अलावा शिवचरण के घर में रखी करीब 12 हजार रुपये की नगदी तथा घरेलू सामान आग की भेंट चढ़ गया। बताया गया कि उन्हें भी हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं सरनाम सिंह का घर भी आग की चपेट में आ गया, जिससे 4 हजार रुपये की नगदी, पंपसेट और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। सरनाम सिंह के अनुसार इस आगजनी की घटना में उन्हें एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# फरीदाबाद में सड़क हादसा फर्रुखाबाद के युवक की मौत

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक युवक की फरीदाबाद में सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोसराबाद निवासी सतीश सिंह गंगवार का लगभग 30 वर्षीय पुत्र अंकुर गंगवार हरियाणा के फरीदाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। बताया गया है कि सोमवार शाम अंकुर किसी आवश्यक कार्य से कहीं जा रहा था, तभी अचानक वह सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उधर जब युवक की मौत की दुखद सूचना परिजनों तक पहुंची तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। बेटे के असमय निधन की खबर सुनकर माता-पिता और अन्य परिजन बिलख उठे। पूरे मोहल्ले में भी गहरा शोक और मायूसी का माहौल देखा गया। सूचना मिलते ही परिजन तत्काल फरीदाबाद के लिए रवाना हो गए।

बताया गया है कि मृतक अंकुर गंगवार अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके परिवार में पत्नी आरती, चार वर्षीय पुत्र आरव और मां गीता देवी हैं। बेटे की मौत की खबर सुनकर मां और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान सुदेश कुमार ने बताया कि अंकुर फरीदाबाद में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहा था। अचानक सड़क दुर्घटना में उसकी मौत की सूचना मिलने से पूरे गांव में शोक का माहौल है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही परिजन फरीदाबाद के लिए रवाना हो गए।

# आकांक्षा समिति ने अग्रणी नारी सम्मान का किया आयोजन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकांक्षा समिति फर्रुखाबाद के तत्वावधान में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को सम्मानित करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर बोलते हुए समिति की अध्यक्ष डॉ वन्दना द्विवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व की महिलाओं के आत्मसम्मान को परिलक्षित करता है। भारतवर्ष में इसकी महत्ता सदैव रही है यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः (संस्कृतः यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः) प्रसिद्ध मनुस्मृति श्लोक जहां नारियों का सम्मान और पूजा की जाती है, वहां देवता निवास करते हैं। यह भारतीय संस्कृति में महिलाओं के उच्च स्थान और उन्हें





कार्यक्रम में मौजूद आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ वन्दना द्विवेदी व सम्मानित महिलाएं।

शक्ति का प्रतीक मानने की परंपरा को दर्शाता है। वर्तमान समय शिक्षा और ज्ञान का है हम कोई भी कार्य करें अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करना है । उन्होंने क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया । सुमन त्रिपाठी ,सुश्री दीपिका राजपूत, श्रीमती बिंदु गुप्ता, डॉ शशि किरण सिंह (सभी शिक्षा ), सुश्री ऐश्वर्या उपाध्याय ,श्रीमती दीप्ति वत्स, श्रीमती नम्रता सिंह ,सुश्री निहारिका पटेल ,प्रियंका गाँधी ,डॉ सुनीता यादव ,श्रीमती पूनम पाल, श्रीमती शुभांगी अग्निहोत्री, श्रीमती गीतांजलि पटेल ,स्मृति अग्निहोत्री राना हिज़ाब,ताइक्वांडो की बालिकाओं को सम्मानित किया गया।

# अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकराई, युवक गंभीर घायल

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अल्लाहपुर मार्ग पर रविवार रात्रि एक सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से टकरा गई। बाइक चालक सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी सुरक्षित बच गए।

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के नगला गुमटी निवासी 38 वर्षीय सुनील पुत्र राजेंद्र अपने साथी दीपक और एक अन्य व्यक्ति के साथ अल्लापुर गांव में एक रिश्तेदारी में शांतिपाठ में शामिल होने जा रहे थे। अल्लाहपुर मार्ग पर पुलिया के पास पहुँचते ही, तेज रफ्तार के कारण सुनील बाइक पर से नियंत्रण खो बैठा। बाइक सीधे पुलिया से जा टकराई, जिससे सुनील सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और घायल सुनील को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सुनील को प्राथमिक उपचार दिया गया है। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया, फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही घायल सुनील के परिजन और रिश्तेदार अस्पताल पहुँच गए। पुलिस जांच कर रही है।

# हिंदू धर्म लगातार सिमट रहा, यह चिंता का विषय:महंत राजूदास

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मानीमऊ में आनंदेश्वर धाम आश्रम पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास ने धर्माचार्यों पर तंज कसा। उन्होंने हिंदू धर्म के सिमटने पर गहरी चिंता व्यक्त की। इसके लिए धर्माचार्यों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि वे मठों से बाहर नहीं निकलते।





मानीमऊ में धार्मिक आयोजन में शामिल अयोध्या के महंत राजूदास व अन्य संत।

महंत राजूदास सोमवार दोपहर मानीमऊ गांव पहुंचे, जहां सनातन धर्म सेवा संस्थान की ओर से शुरू होने वाली आनंद जनजागरण यात्रा से पहले ध्वज पूजन किया। उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान में ही हिंदू सीमित होता जा रहा है, क्योंकि हिंदू अपने धर्म और परंपराओं को भूलने लगा है। इसके लिये दोषी संत समाज है। महंत राजूदास ने कहा कि इसके पीछे कुछ धर्माचार्य हैं जो कभी मठों से बाहर नहीं निकले। उन्होंने ऐसे लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे आराम से बैठे रहते हैं, ऊपर छतरी और पीछे दो चेले पंखा डुला रहे होते हैं। इन लोगों ने खुद को एक गौशाला, एक गुरुकुल और एक विद्यार्थी तक ही सीमित कर लिया है।। संत राजूदास मानीमऊ ऋषिनगर गांव स्थित आनंदेश्वर धाम आश्रम में सोमवार आनंद जनजागरण यात्रा और ध्वज पूजन कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर आये थे। यह कार्यक्रम आगामी 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रमों के जनजागरूकता के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### कन्नौज इत्रोत्सव का हुआ समापन

**कन्नौज।** शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर तीन दिवसीय कन्नौज इत्रोत्सव-2026 का सोमवार को समापन हो गया। इस इत्रोत्सव ने कन्नौज की सदियों पुरानी इत्र परंपरा, स्थानीय उद्योग, लोक संस्कृति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को एक मंच पर प्रस्तुत किया। इस आयोजन में इत्र उद्योग से जुड़े कारीगरों, उद्यमियों, कलाकारों तथा अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया।

प्रदर्शनी के माध्यम से कन्नौज की पारंपरिक इत्र निर्माण कला को प्रस्तुत किया गया। विभिन्न स्टालों पर गुलाब, चमेली, बेला, मोगरा, केवड़ा, रजनीगंधा, जूही और खस जैसे फूलों से तैयार पारंपरिक अतर और सुगंधित तेलों का प्रदर्शन हुआ, जिससे आगंतुकों को कन्नौज की समृद्ध इत्र विरासत से परिचित होने का अवसर मिला। सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने तस्वीरें खींचकर उत्सव को खास बनाया। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# 465 लाभार्थियों के खातों में भेजे गए एक-एक लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद छिबरामऊ क्षेत्र के 465 लाभार्थियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के एक- एक लाख रुपये भेजे गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में लखनऊ के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक के तहत लाभार्थियों को सिंगल क्लिक से प्रथम किस्त हस्तांतरित की, जिसका सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। जिलाधिकारी/ अध्यक्ष डूडा आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ परियोजना निदेशक, डूडा देवेंद्र सिंह, चेयरमैन छिबरामऊ मनोज दुबे ने प्रतीकात्मक रूप से 10 लाभार्थियों को आवास आवंटन



कलेक्ट्रेट सभागार में प्रमाण पत्र लिए खड़ीं लाभार्थी, डीएम व डूडा पीओ।

- नगर पालिका छिबरामऊ क्षेत्र के लाभार्थी,स्वीकृति प्रमाण पत्र दिए
- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

स्वीकृति पत्र दिए। स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में शिवशंकर राठौर, चंद्रशेखर, रानी देवी, प्रीती, गीता, सुमन, आशिया, गुलसिता, अरविन्द कुमार एवं अफसाना शामिल रहीं। इस मौके पर विधायक छिबरामऊ के प्रतिनिधि राहुल रत्न पाण्डेय, परियोजना अधिकारी, डूडा ललिता पाठक, अवधेश कुमार, सिविल अभियन्ता रहे।

**परीक्षा बनी मजाक!** परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़, कई स्कूलों में नहीं पहुंचे प्रश्न पत्र, अध्यापकों के व्हाट्सएप पर भेजे गए पेपर के बाद ब्लैक बोर्ड पर लिखे गए प्रश्न

# व्हाट्सएप पर पेपर वायरल कर शुरू हुई परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/छिबरामऊ

**अमृत विचार।** जिले भर के सभी प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों की वार्षिक परीक्षाओं का पेपर व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया गया। मजाक व लापरवाही के बीच बच्चों का भविष्य तय करने वाले इम्तिहान शुरू हो गए। कई परिषदीय स्कूल ऐसे हैं जहां प्रश्न पत्र नहीं पहुंचे आनन- फानन में शिक्षक- शिक्षिकाओं के व्हाट्सएप पर पेपर की पीडीएफ भेजी गई और उसे ब्लैक बोर्ड में लिखकर परीक्षा कराई गई। कहीं- कहीं चार से पांच छात्र- छात्राओं के बीच एक ही पेपर दिया गया।



जूनियर कक्षा की परीक्षा में ब्लैक बोर्ड पर प्रश्न लिखती महिला शिक्षक। अमृत विचार

जनपद में करीब 01 लाख 20 हजार विद्यार्थी पंजीकृत हैं। 20 मार्च तक चलने वाली वार्षिक परीक्षाओं के पहले दिन अव्यवस्थाएं खूब हावी रहीं। समय से विद्यालयों को पेपर मिल सकें इसके लिए किसी ने ध्यान नहीं दिया। बच्चों के भविष्य की चिंता जिम्मेदारों को नहीं रही।

रस्म अदायगी में ही पहला दिन गुजरा। छिबरामऊ संवाददाता के मुताबिक एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए करोड़ों रुपये पानी की तरह बहा रही है तो दूसरी तरफ जिले के शिक्षा विभाग के अधिकारी सरकार की मंशा को ठेंगा दिखा रहे हैं। परीक्षा के पहले दिन विद्यार्थियों में उत्साह था। पहली पाली का पेपर सुबह 9:30 बजे से शुरू होना था लेकिन कई परीक्षा केंद्रों दो घंटे देरी के बाद भी पेपर नहीं पहुंच सके। इससे बच्चों में मायूसी छा गई। व्हाट्सएप पर पेपर वायरल कर परीक्षा कराई गई। मामले की जानकारी एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी को दी गई। उन्होंने बताया कि बीएसए संदीप कुमार से बात हुई है। कहा गया है कि अगर समय पर स्कूलों में पेपर नहीं पहुंचे हैं तो मामला गंभीर है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई होगी।

### एक परीक्षार्थी अस्वस्थ, 63 ने दिया इम्तिहान

**जलालाबाद।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से शैक्षिक सत्र 2025- 26 की वार्षिक परीक्षाओं के पहले दिन पूर्व माध्यमिक स्कूल जलालाबाद में पहली पाली में पंजीकृत 64 परीक्षार्थियों में 63 शामिल हुए। शिक्षक जावेदन अहमद, रमाकांत पाल व विनीत पांडेय की देखरेख में परीक्षा संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि अस्वस्थ होने की वजह से एक परीक्षार्थी शामिल नहीं हो सका। बीईओ शिवेंद्र वर्मा ने पेपर मुहैया कराए।

### परीक्षा के दौरान उन्मुखीकरण संगोष्ठी

**छिबरामऊ।** बीईओ आनंद द्विवेदी की ओर से विकास खंड क्षेत्र के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों को भेजा गया एक पत्र भी वायरल हो रहा है। इसमें 16 मार्च को सुबह 10 बजे रामलीला ग्राउंड के पास विशुनगढ़ रोड छिबरामऊ स्थित एक गेस्ट हाउस में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी में शामिल होने की बात कही गई। साथ ही प्रधान व उनके प्रतिनिधि के साथ संगोष्ठी में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए हैं। अध्यापकों का कहना है कि एक समय में वह परीक्षा कराएं या संगोष्ठी में शामिल हों। कहीं- कहीं स्कूलों में शिक्षकों का अभाव है। इन दिनों एसआईआर अभियान भी चल रहा है।

### गर्भवती महिलाओं की शुगर, बीपी का परीक्षण

**जलालाबाद।** एचआरपी डे पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच कर दवा वितरित की गई।

सोमवार को सीएचसी पर एचआरपी डे का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. पूनम की देखरेख में मेटरनिटी विंग में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उच्च जोखिम वाली महिलाओं की जांच भी की गई। इसमें शुगर, ब्लड, बीपी, वजन आदि की जांच कर परीक्षण किया गया व निशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। जांच में कुछ गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी पाई गई। डॉ. पूनम ने सलाह दी कि अधिक से अधिक मात्रा में हरी सब्जियां, फल व दूध का सेवन करें।

न्यूज ब्रीफ

### दहेज हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

भरथना। क्षेत्र अंतर्गत गोपियागंज तिराहा से सोमवार की सुबह वांछित आरोपी इंद्रेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ भरथना थाना में दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज है। बता दें कि बीती 13 मार्च को गोपियागंज गांव में विवाहिता एकता की मौत के बाद मृतका के पिता रजनीश निवासी चमरौआ तेरा थाना डेरापुर जिला कानपुर देहात ने दामाद इंद्रेश समेत 9 ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या को उकसाने का आरोप का लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

### अनियंत्रित होकर ट्रक डिवाइडर से टकराया चालक सुरक्षित

बकेवर। आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर सराय मिट्ठे गांव के सामने एक ट्रक डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक का चालक व हेल्पर बालबाल बच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को सुरक्षित निकाला। रविवार रात करीब दो बजे एक ट्रक दाल की बोरियां लादकर इटावा से कानपुर की तरफ जा रहा था। सराय मिट्ठे गांव के सामने बगल से जा रहे एक ट्रक ने ओवरटेक करने में दाल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर मध्य के डिवाइडर पर चढ़ गया। इससे ट्रक के पिछले पहियों का एक्सएल टूट गए। वह तो पीछे से कोई अन्य वाहन नहीं था अन्यथा दूसरा वाहन पीछे से टकरा सकता था।सूचना पर बकेवर थाना पुलिस की गाड़ी व थाना की हाईवे मोबाइल गाड़ी एनएचएआई की भ्रमण दल की गाड़ी मौके पर पहुंची। चालक व हैल्पर को सुरक्षित निकाल लिया।

### किसान दिवस का आयोजन कल

इटावा। उप कृषि निदेशक आरएन सिंह ने अवगत कराया है कि किसान दिवस का आयोजन कृषि भवन सभागार में माह के तृतीय बुधवार 18 मार्च को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किया जायेगा। किसान दिवस में कृषि एवं कृषि से जुड़े समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कर किसानों की समस्याओं का यथा सम्भव समाधान किया जायेगा।

### यूपीयूएमएस सैफई में आयुष ओपीडी का शुरू

सैफई। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के ओपीडी परिसर के कक्ष संख्या 23 में आयुष ओपीडी का शुभारंभ कुलपति प्रो. अजय सिंह ने किया। कुलपति प्रो. अजय सिंह के सार्थक प्रयासों से विश्वविद्यालय में आयुष ओपीडी की शुरुआत की गई है, जहां मरीज आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कहा कि आयुष ओपीडी की स्थापना का उद्देश्य विश्वविद्यालय में इंटीग्रेटिव मेडिसिन को बढ़ावा देना तथा विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से रोगियों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है।

### जायन्ट्स सहेली ने डॉ. प्रवेश त्रिपाठी को किया सम्मानित

इटावा। दिव्यांगता कमजोरी नहीं एक अलग तरह की ताकत है शरीर की कमी नहीं मन की शक्ति इंसान को महान बनाती है आप विशेष हैं क्योंकि आप हर चुनौती को मुस्कान से हराते हैं आप प्रेरणा है संघर्ष, साहस और उम्मीद की मिसाल है। यह बात जायंट्स सहेली की अध्यक्ष विमल शर्मा ने कही। जायट्स सहेली के सदस्यों ने संगीत प्रवीण डॉ. प्रवेश त्रिपाठी का तिलक बंधन कर स्वागत किया और प्रतीक चिह्न एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। श्री त्रिपाठी एलआईसी में एएओ के पद पर कार्यरत होने के साथ होम्योपैथी के डॉक्टर भी हैं और मरीजो की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी संगीता अग्रवाल, विमल शर्मा, रेनू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना, मुक्ता अग्रवाल आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### बाइक की टक्कर से वृद्धा घायल

फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना क्षेत्र के महरुपुर रवि गांव निवासी चंद्रावती सोमवार सुबह अपने घर जा रही थीं और सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़कपर गिर गईं और गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर महिला का बेटा अनुज मौके पर पहुंचा। परिजनों की मदद से घायल चंद्रावती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज लाया गया। वहां डॉ. विकास पटेल ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, फर्रुखाबाद रेफर कर दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# कार की टक्कर से ढाबा कर्मी की मौत

## रविवार को दोपहर में हुआ था हादसा और देर शाम इलाज के दौरान गई जान

कार्यालय संवाददाता इटावा

- नेपाल का रहने वाला था युवक परिजनों में मचा कोहराम

अमृत विचार। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे स्थित आईटीआई चौराहे के पास रविवार दोपहर अनियंत्रित कार ने ढाबा कर्मी के टक्कर मार दी। इससे युवक सड़क पर उछलकर दूर जा गिरा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने घायल को जिला भर्ती कराया गया। यहां उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान देर शाम उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नेपाल निवासी विजय थापा (22) डेढ़ माह पहले आईटीआई चौराहे स्थित एक ढाबा पर काम करने के लिए आया था। यहां वह परिवार समेत रह रहा था। रविवार दोपहर वह आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर किसी का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित कार ने उसके टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर शिवम राजपूत ने उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया। यहां देर शाम उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष केके मिश्रा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार का नंबर मिल गया। जल्द ही कार चालक को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

**सड़क दुर्घटनाओं में बालक की मौत, युवक घायल :** इटावा। जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक बालक की मौत हो गई और एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुड़ैला निवासी हिमांशु यादव 16 वर्ष पुत्र शिव बालक विगत 10 मार्च को सूर्या फिलिंग स्टेशन सिविल लाइन के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, उसे जिला अस्पताल से पीजीआई रेफर कर दिया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना सिविल लाइन पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। बालक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत बिजपुरी खेड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अवधेश सिंह पुत्र ब्रजेश सिंह निवासी ग्राम डिढ़ी थाना भिंड देहात मध्य प्रदेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बाइक की टक्कर से ऑटो पलटा, तीन घायल

भरथना। क्षेत्र के भरथना–ऊसराहार मार्ग पर सोमवार दोपहर करीब दो बजे तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक ऑटो पलट गया। हादसे में छात्रा सहित तीन लोग घायल हो गए। कस्बे के बिरियन मोहल्ला निवासी ऑटो चालक फरीद ने बताया कि वह बालूगंज से सवारियां लेकर ताखा की ओर जा रहे थे। जैसे ही ऑटो पुराना भरथना स्थित चढ़ैया के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो सड़क के बीचों–बीच पलट गया। हादसे के बाद बाइक सवार फरार हो गया। घटना में ऑटो चालक फरीद के अलावा थाना ऊसराहार क्षेत्र के अतैया ताखा निवासी 62 वर्षीय रामचंद्र जोकि इटावा से अपने गांव जा रहे थे और 17 वर्षीय छात्रा विशाखा घायल हो गईं।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

भरथना। रेलवे स्टेशन के पास रविवार शाम रेलवे ट्रैक पार कर रही महिला ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। आगरा के बरहन व हालिया निवासी इटावा के मोहल्ला अशोक नगर निवासी सोमवती (49) मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती थी। सोमवर शाम वह किसी कार्य से इटावा शहर की ओर जाने के लिए माल गोदाम के पास रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इसी समय नॉन स्टॉप महाबोधि सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जीआरपी टीम ने मौके पर पहुंच आसपास के लोगों से पूछताछ की, बाद में उसकी शिनाख्त हो सकी। जीआरपी थानाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला के रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गई, इससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

# एनडीपीएस एक्ट में एक को दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सुनीता शर्मा ने चार साल पुराने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट न उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर एक लाख रुपया का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि इकदिल थाने में तैनात दरोगा अवधेश कुमार अपनी टीम के साथ 26 मार्च 2021 को गश्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक लाल बाइक पर सवार दो लोग आ रहे है उनके पास अवैध असलाह के साथ मादक पदार्थ है। इस सूचना पर पुलिस ने चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक लाल बाइक आती दिखी। पुलिस को देखकर बाइक सवार दोनों लोगों ने भागने की प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने दोनों को पकड लिया। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस के अलावा 220 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ में पकडे गए लोगों ने अपने नाम मोनू व सुमित कश्यप बताया। पूछताछ में दोनों ने एक लूट की वारदात करना भी स्वीकार किया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस की कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिंह परिहार ने पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने सुमित उर्फ कन्नू को दोषी करार दिया और उसे दस साल की सजा व एक लाख रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना न देने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। सुनवाई के दौरान दूसरे आरोपी मयंक की एक जनवरी को मौत हो गई थी।

# मोहिनी ने प्रथम और सपना ने दूसरा स्थान किया प्राप्त

संवाददाता जसवंतनगर इटावा



छात्र छात्राओं के साथ कालेज का स्टाफ। अमृत विचार

- डीएलएड प्रशिक्षुओं ने किया महाविद्यालय का नाम रोशन

अमृत विचार। चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी के डी.एल.एड प्रशिक्षुओं ने सेमेस्टर परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मेधावी प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया।

डीएलएड प्रथम सेमेस्टर परिणाम में मोहिनी ने 92.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सपना ने 90.87 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शाहिद हुसैन ने 90.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मनी उपाध्याय ने 90.12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। रितु सोनी एवं कुमारी दिव्या ने 90.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। डीएलएड तृतीय सेमेस्टर परिणाम में साक्षी ने 90.63 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिया यादव ने 90.38 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। आनंद कुमार ने 90.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अकबर ने 89.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान हासिल किया। दीप्ति तोमर, दीपक एवं कुमारी दीपिका ने 89.63 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पांचवां स्थान प्राप्त किया। निदेशक डॉ. संदीप पाण्डेय ने कहा कि डीएलएड प्रशिक्षुओं का यह प्रदर्शन न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र यादव, हनी यादव, नितिन आनंद, रिषीपाल सिंह, बृजेश कुमार पोरवाल, प्रभा शर्मा, रजत जैन, सर्जन सिंह एवं समस्त स्टाफ ने सभी सफल प्रशिक्षुओं को बधाई दी।

### दंपती ने महिला को जमकर पीटा

बकेवर। थाना क्षेत्र के ग्राम पटियन में ईट भट्टा की लेबर में आपसी कहा सुनी और गाली-गलौज होने के चलते एक दंपती ने लाठी डंडों से सिर पर प्रहार कर महिला को घायल कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम पटियन ईट भट्टा निवासी बिनीता पत्नी सामा सिंह ने बकेवर थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि वह ग्राम पटियन स्थित ईट भट्टे पर ईंट पथाई का काम करती है उसी समय एक दंपती निवासीगण ग्राम पटियन ईट भट्टा थाना बकेवर से कहा सुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर पति पत्नी हाथों में लाठी डंडा लेकर आये और गाली-गलौज करने लगे जब महिला ने गाली-गलौज करने से मना किया तो नामजद आरोपित दंपती ने हाथों में लिये लाठी डंडो से सिर पर प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने घायल महिला का चिकित्सा परीक्षण के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर भिजवाया। पुलिस ने महिला के शिकायती पत्र पर जांच शुरू की।

# 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में आयोजित विशेष समारोह में कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को बेस्ट आंसर बुक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा में उत्कृष्ट उत्तर लेखन, साफ-सुथरी प्रस्तुति और विषय की गहरी समझ दिखाने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना था।

प्रधानाचार्य/निदेशक डॉक्टर आनंद ने बताया कि चयन शैक्षणिक सत्र की कॉपियों के मूल्यांकन के आधार पर हुआ, जिसमें उत्तर की संरचना, सटीकता, व्याकरण और प्रस्तुति को प्रमुख मानक बनाया गया। डॉक्टर आनंद ने कहां कि लिखने की स्पष्टता और अनुशासन जीवन-भर काम आने वाला कौशल है, और ऐसे अवॉर्ड



अवार्ड से सम्मानित छात्राओं के साथ निदेशक डॉ. आनंद। अमृत विचार

विद्यार्थियों में बेहतर उत्तर-लेखन की आदत डालते हैं। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया! उन्होंने यह भी कहां कि यह अवॉर्ड हर वर्ष दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक बच्चे अपनी अभिव्यक्ति और तैयारी में निरंतर सुधार करे।वही संस्था के मैनेजर डॉक्टर विवेक यादव ने भी विजेता छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में अर्चना कुलश्रेष्ठ, प्रिया पाठक, प्रताप सिंह, एल एस चतुर्वेदी, भावना भारद्वाज, प्रतीक्षा चौधरी,शाजिया रहमान आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा!

# रोडवेज बस की टक्कर से अटल प्रतिमा की बाउंड्री टूटी

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत डीएम चौराहा स्थित अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा की बाउंड्री से ब्रेक फेल होने से रोडवेज बस टकरा गई जिससे बाउंड्री और बस क्षतिग्रस्त हो गई और एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार सैफई डिपो की रोडवेज बस डीएम चौराहा स्थित अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा की बाउंड्री से ब्रेक फेल होने से टकरा गई। हादसे में बाउंड्री और बस क्षतिग्रस्त हो गई। रोडवेज बस के चालक ताराचन्द्र और परिचालक सानिया ने बताया कि वह उक्त बस को सैफई से इटावा बस स्टैंड ला रहे थे। थाना सिविल लाइन के पास बस के ब्रेक फेल हो गए। शहर में कोई जनहानि न हो जाये इसलिए



बस की टक्कर से टूटा अटल प्रतिमा का चबूतरा व खड़ी बस। अमृत विचार

बस को अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा की बाउंड्री में टक्कर मारकर रोक दिया जिससे हादसा होने से बच गया। बस में कोई सवारी नहीं थी। हम लोग बस को इटावा बस स्टैंड ले जा रहे थे वहां से सवारियां लेकर दिल्ली जाना था। घटना की सूचना पाकर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और चालक परिचालक से घटना की जानकारी ली।

# किसान प्रशिक्षण में आधुनिक खेती व मूल्य संवर्धन की दी गई जानकारी

संवाददाता बकेवर इटावा

अमृत विचार। जनता कॉलेज में किसानों के लिए आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण में तहसीलदार चकर नगर विष्णु दत्त मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों की आय बढ़ाने के लिए रिले क्रॉपिंग प्रणाली और जैविक खेती को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसान यदि परंपरागत खेती के साथ नई तकनीकों को अपनाएं तो कम लागत में अधिक उत्पादन और आय प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अन्वेषक डॉ. एम.पी. सिंह ने जैविक खेती की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मूंग और उड़द की खेती को रिले क्रॉपिंग प्रणाली से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती



वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया बताते डॉ. एमपी सिंह। अमृत विचार

है। उन्होंने दलहनी फसलों के महत्व को बताते हुए कहा कि दलहन में नत्रजनीकरण के कारण मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और उत्पादन लागत कम होती है। डॉ. एके. पांडेय ने फल एवं सब्जियों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से किसानों के कौशल विकास और सशक्तिकरण पर जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. एम.पी. सिंह ने वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया, जबकि डॉ. आदित्य कुमार ने वर्मी कम्पोस्ट की पूरी विधि समझाते हुए तैयार बेड़ को खोलकर किसानों को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया। उन्होंने बताया कि केंचुओं की गुणवत्ता और संख्या के आधार पर लगभग 50 से 60 दिनों में उत्तम वर्मी कम्पोस्ट तैयार हो जाती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है।

# चंबल में छलांग लगाने वाली विवाहिता का नही लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। शादी के दूसरे दिन चंबल नदी में छलांग लगाने वाली नवविवाहिता का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका। दो दिन से एसडीआरएफ टीम खोजबीन में जुटी है। परिजन सेंचुअरी मोटर वोट के साहरे बछेडी, भरेह, पचनद क्षेत्र में नदी किनारे तलाश कर रहे हैं लेकिन देर शाम तक महिला का कोई पता नहीं चल सका।

हनुमंतपुरा निवासी सत्यवीर दिवाकर की 12 मार्च को इटावा मोहल्ला कटरा शमसेर खां निवासी भावना दिवाकर के साथ शादी हुई थी। शादी के दूसरे दिन उसकी तबीयत खराब हो गई। ससुरालीजनों ने इसकी सूचना मायके पक्ष को दी। 13 मार्च को भावना की बुआ उर्मिला व भाई शनिवार शाम उसे मायके ला रहे थे। चंबल नदी के पुल पर बाइक धीमे होते ही भावना पुल पर उतर गई और पुल से नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा टीम ने जांच पड़ताल कर तुरंत सर्च अभियान शुरू कराया था। सोमवार को तहसीलदार विष्णुदत्त मिश्रा, ग्राम लेखपाल सुधीर कुमार ने चंबल नदी पहुंचकर परिजनों से वार्ता की। तहसीलदार ने परिजनो कों हर संभव मदद का भरोसा दिया। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

एसडीआरएफ टीम कई घंटे तक खोजबीन में जुटी रही, लेकिन शाम होने तक महिला का कोई सुराग नहीं मिल सका है। सोमवार देर शाम एसडीआरएफ टीम सर्च ऑपरेशन बंद कर वापस बैरंग लौट गई है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

सहायता | चौ. रघुराज सिंह की पुण्यतिथि पर लगा नेत्र चिकित्सा शिविर

# नेत्र शिविर में 530 मरीजों का हुआ परीक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। पूर्व सांसद स्व.चौ. रघुराज सिंह की बीसवीं पुण्य स्मृति में ग्राम बम्हनीपुर ब्लॉक ताखा में निःशुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 530 लोगों ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया, इनमें 40 मरीज ऑपरेशन हेतु चिन्हित किए गए। श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के नेत्र सर्जन डॉ. उमेश अहिरवार झांसी, डॉ. आरकेएस भदौरिया, डॉ. आदर्श राजौरे एवं डॉ. आर एस भदौरिया द्वारा चिकित्सीय टीम के साथ शिविर में भारी संख्या में उमड़े लोगों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। उन्हें दवाएं तथा चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए गए।

भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा इटावा, विवेकानंद




नेत्र शिविर में उपस्थित अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

शाखा भरथना एवं श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के सहयोग एवं जितेंद्र चौधरी एडवोकेट, आचार्य महेश चंद्र तिवारी तथा बम्हनीपुर की ग्राम प्रधान शिवा तिवारी के संयुक्त संयोजन में आयोजित हुए इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे द्वारा संस्था की प्रगति रिपोर्ट के बारे में बताया गया। इस अवसर पर हुई श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद चौ. रघुराज सिंह के चित्र पर पुष्पार्पण कर वंदे मातरम् गीत गाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शैलेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य चौ. चरण सिंह डिग्री कॉलेज हैंवरा ने कहा कि इस तरह के नेत्र चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाकर संस्थान और चौधरी साहब का परिवार अपने पूर्वजों की धर्मार्थ सेवा परम्परा को आगे बढ़ा रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ आर एन दुबे ने कहा कि चौ. रघुराज सिंह जैसा सेवाभावी राजनेता उनके बाद कोई नहीं आया। वे सरल हृदय और सेवा की प्रतिमूर्ति थे। कार्यक्रम में प्रदीप पांडे, अनिल दीक्षित कुक्कू, सुबोध दीक्षित एडवोकेट, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी, सुनील दीक्षित ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव ने व संचालन वरिष्ठ स्तंभकार गणेश ज्ञानार्थी ने किया। शिविर को सफल बनाने में श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित, संचालन समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, डॉ. जेके तिवारी, डॉ. आशीष दीक्षित, शिवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ी मानवता : इदरीस अंसारी

कार्यालय संवाददाता इटावा

अमृत विचार। वरदान वेलफेयर सोसाइटी एवं बुनकर एकता समिति द्वारा संयुक्त रूप से हर पेट भोजन भर पेट भोजन अभियान के तहत बाह अड्डा स्थित मोहम्मद कासिम अंसारी के आवास पर राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वरदान वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद क़ासिम अंसारी एवं बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी ने अपनी टीम के साथ आटा, तेल, सूजी, बेसन, शकर, आलू, सिवइयां आदि सामान सहित नकद धनराशि देकर लगभग दो सौ पैकेट गरीबों एवं जरूरतमंदों को वितरित किये। बुनकर एकता समिति के अध्यक्ष मो. इदरीस अंसारी ने कहा कि हम लोगों का मुख्य उद्देश्य गरीबों और



गरीबों को राशन वितरित करते कासिम अंसारी व इदरीस अंसारी। अमृत विचार

मजलूमों की सहायता करना है आगे भी यही प्रयास रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की जाए। वरदान वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद क़ासिम अंसारी ने कहा कि आज का यह दिन हमारे लिए केवल एक कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारी उस सामूहिक भावना का प्रतीक है जो कहती है कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी ईश्वर सेवा है।

इस अवसर पर प्रदेश सदस्य इजहार अहमद राईन, काशिफ अंसारी, मुनव्वर अंसारी, इरफान अहमद, मोहम्मद सलीम अंसारी, महासचिव फुरकान अहमद, जीशान अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### अनियंत्रित होकर गली में घुसा मिनी ट्रक, फंसा

**औरैया।** सोमवार सुबह फ्लाई ओवर के उत्तरी छोर पर एक मिनी ट्रक अनियंत्रित होकर रेलवे स्टेशन जाने वाली संकरी गली में घुस गया। इससे राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार स्थानीय राम कृष्ण नगर के एक टायल कारोबारी का सामान लेकर ट्रक आया था। बताया जाता है कि ट्रक फ्लाई ओवर के नीचे बने सर्विस रोड से जाना था लेकिन ट्रक स्टेशन जाने वाली संकरी गली में घुस गया। इससे गली के किनारे बनी नाली और उसके ऊपर पड़ी पटिया टूट कर क्षतिग्रस्त हो गईं। ट्रक के गली में फंस जाने से सुबह लोगों को निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हुई जिन्हें मजबूरन घूम के जाना पड़ा। वार्ड सभासद राजीव शर्मा ने ट्रक से क्षतिग्रस्त हुई नाली की जानकारी नगर पंचायत कार्यालय को देते हुये बताया कि सर्विस रोड का ढलान ठीक न होने से बड़े वाहनों को निकलने में कठिनाई होती है।

### भागवत कथा का समापन, हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**फफूंद।** कस्बे के महावीर धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को विधि-विधान से समापन हो गया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा के समापन के बाद सोमवार सुबह हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसमें आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इसके बाद दोपहर में विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे की शुरुआत क्षेत्र व आसपास स्थित मंदिरों के पुजारियों, संत-महात्माओं तथा कस्बे की कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर की गई। इसके उपरांत उन्हें दक्षिणा भी प्रदान की गई। इसके बाद कस्बे व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा। भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद छका और पूरे पंडाल में भक्ति से ओत-प्रोत माहौल बना रहा। इस दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का स्मरण करते हुए भक्ति में लीन नजर आए। आयोजन को सफल बनाने में कस्बे वासियों का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि सात दिनों तक चली श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और धर्म लाभ प्राप्त किया।

### दरवाजे पर बैठे किसान से मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**अछल्दा।** क्षेत्र के गांव सुभानपुर निवासी सन्तोष सिंह ने अभियोग दर्ज कराया कि रविवार को मकान दरवाजे पर वैठा था। इसी बीच गांव के ही उमेश चन्द्र व राहुल, मानसिंह, कुंवर प्रताप सिंह एक राय दरवाजे पर आकर गाली-गलौज देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडे से मारपीट करते हुए उमेश चन्द्र ने सिर में टकोरा से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# जनगणना को प्रभावी बनाने में फील्ड प्रशिक्षक अहम

कार्यालय संवाददाता, औरैया



बैठक के दौरान निर्देश देते डीएम डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना से संबंधित फील्ड प्रशिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा मां शारदा के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

जिलाधिकारी प्रमुख जनगणना अधिकारी ने फील्ड प्रशिक्षकों को निर्देश दिए कि जनगणना के कार्य में आप लोगों की भूमिका बहुत अहम हैं, क्योंकि आप लोगों के द्वारा ही क्षेत्र में कार्य करने वाले परिवेक्षकों व प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जाना है जो इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करेंगे। प्रमुख जनगणना अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण को प्रशिक्षक गहनता पूर्वक ग्रहण करें जिससे आगे आपको प्रशिक्षण देते समय किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होगी और प्रशिक्षण देते समय उनके प्रश्नों का उचित व संतुष्टि पूर्ण जवाब देने में भी सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि अच्छा प्रशिक्षक वही होता है जिसे प्रशिक्षण की संपूर्ण जानकारी होने के साथ-साथ प्रशिक्षण देने की कला भी आती हो। अतः प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षण देने की कला को भी विकसित करें।

प्रमुख जनगणना अधिकारी ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी शैक्षिक योग्यता से परे होकर प्रशिक्षार्थी के रूप में प्रशिक्षण को शून्य से प्राप्त करें। जिससे आपको प्रशिक्षण देने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में हमें टीम भावना से कार्य करना होता है अतः उन्होंने मास्टर प्रशिक्षक को निर्देश दिए कि मेरे द्वारा बनाए गए समूहों से प्रशिक्षण के प्रत्येक सत्र के अंत में दिए गए प्रशिक्षण के संबंध में उनके द्वारा ग्रहण की गई जानकारी का भी आकलन किया जाए। उक्त के पूर्व जिलाधिकारी द्वारा फील्ड प्रशिक्षकों को चार समूहों में विभक्त करते हुए प्रत्येक समूह के वरिष्ठ कार्मिक को नोडल भी नामित किया गया। जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिला अधिकारी अविनाश चन्द्र मौर्य ने बताया कि जनपद में 16 मार्च से 18 मार्च तक प्रथम बैच में 23 फील्ड प्रशिक्षकों के प्रथम बैच का तथा 23 मार्च से 25 मार्च तक 23 फील्ड प्रशिक्षकों के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक कलेक्ट्रेट में होगा।

### लोग स्वयं एप के माध्यम से भर सकते विवरण

- प्रशिक्षण के दौरान बताया कि 504 पर्यवेक्षकों तथा 3022 प्रगणकों का प्रशिक्षण 05 अप्रैल से 05 मई के मध्य आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत दिनांक 22 मई से 20 जून के मध्य प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य किया जाएगा तथा दिनांक 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 के मध्य जनगणना का कार्य संपन्न किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर प्रशिक्षक द्वारा फील्ड प्रशिक्षकों को जनगणना के पूर्व मकान सूचीकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि गणना के समय आंकड़ों के संग्रहण के लिए देश में पहली बार डिजिटल मोड का प्रयोग किया जा रहा है। इससे उसका संग्रहण के साथ-साथ आम जन के व्यक्तिगत विवरणों को भी सुरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस जनगणना में आमजन अपना विवरण स्वयं ऐप के माध्यम से भर सकते हैं जिसे प्रगणक द्वारा सत्यापित भी किया जाएगा। उन्होंने प्रशिक्षकों को पर्यवेक्षक व प्रगणक की भूमिका व उनके कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार वह मकान सूचीकरण ब्लॉक के अंदर आच्छादित मकान का वर्गीकरण करेंगे साथ ही उसे नजरी नक्शा में किस प्रकार अंकित करेंगे और मकान की नंबरिंग करेंगे। उन्होंने मकान सूचीकरण व गणना के समय पूछे जाने वाले प्रश्नों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार प्रगणक मकान स्वामी अथवा भू स्वामी से विवरण एकत्रित करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0 /रा0) अविनाश चन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) नीरज प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर कमल कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ई- डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विपिन पाल सहित फील्ड प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा के समय स्कूल में ताला, खेलते रहे बच्चे

## परिषदीय विद्यालय नगला चिंतई का मामला, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**09** से दोपहर तीन बजे तक स्कूल का है समय

**10** बजे तक नहीं खुला था स्कूल का ताला


विद्यालय में ताला लगा होने पर बाहर खेलते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। पहले दिन ही स्कूलों में जिम्मेदारों की बेपरवाही देखने को मिली। स्कूलों में समय से अध्यापक नहीं पहुंचे और परीक्षा जैसा महत्वपूर्ण काम समय से शुरू नहीं हो पाया। समय से पहुंचे बच्चों ने परीक्षा के समय स्कूल के गेट पर ताला देख खेलना शुरू कर दिया।

मामला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नगला चिंतई स्कूल के प्राथमिक विद्यालय का है। स्कूल गेट पर परीक्षा शुरू होने के समय साढ़े 9 बजे तो दूर 10 बजे तक ताला नहीं खुला।

गांव के राजेश ने बताया कि प्रधानाध्यापक शीला कभी समय पर नहीं आती हैं। सोमवार को परीक्षा होने के बावजूद स्कूल समय पर नहीं खुला। और बच्चे स्कूल के बाहर खेलते रहे। बीएसए संजीव कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**सुबह साढ़े नौ बजे से थी परीक्षा :** परिषदीय विद्यालय के खुलने का समय सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक का है। सोमवार से शुरू हुई वार्षिक परीक्षा सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होनी थी लेकिन जिम्मेदार शिक्षकों के अभाव में परीक्षा निर्धारित समय से शुरू नहीं हो सकी। हालांकि अब शिक्षा प्रशासन कार्रवाई की बात कह रहा है।

### ट्रेन से फसले बुजुर्ग को आरपीएफ जवानों ने बचाया

**अछल्दा।** अछल्दा रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा बच गया, जब चलती ट्रेन से उतरते समय एक बुजुर्ग यात्री का पैर फिसल गया। मौके पर मौजूद आरपीएफ जवानों की सूझबूझ और बहादुरी से उनकी जान बच गई।

कानपुर-टूंडला पैसेंजर ट्रेन संख्या 64587 सोमवार शाम करीब 5:22 बजे अछल्दा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर पहुंची। ट्रेन में भीड़ होने के कारण जब ट्रेन 5:23 बजे रवाना हुई, तभी कानपुर से अछल्दा अपने दामाद अजय तिवारी के घर जा रहे उन्नाव निवासी कमलाकांत पांडेय (60 वर्ष) चलती ट्रेन से उतरने लगे। उतरते समय उनका पैर फिसल गया और वे प्लेटफॉर्म के नीचे गिरकर ट्रेन के साथ फिसलने लगे। यह दृश्य देखकर वहां ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह और कांस्टेबल हरेंद्र कुमार तुरंत सक्रिय हो गए। जवानों ने बुजुर्ग को ट्रेन के नीचे से बाहर खींच लिया। इससे समय रहते बुजुर्ग यात्री की जान बच गई।

# नहर में नहाने गया युवक डूबा तलाश में जुटे गोताखोर

संवाददाता, बेला (औरैया)


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में याकूबपुर नहर में नहाते समय एक व्यक्ति डूब गया। घटना रविवार दोपहर की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया गया।


विदान

जानकारी के अनुसार, 15 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3 बजे विदान बंगाली (45) पुत्र विमल सेन अपने साथियों शेखर पुत्र नारायण और विवेक पुत्र विमल सेन के साथ मोटरसाइकिल से याकूबपुर नहर पर नहाने पहुंचे थे। तीनों बंगाली कॉलोनी, महेंद्र नगर, थाना रसूलाबाद, जिला कानपुर देहात के निवासी बताए गए हैं। बताया गया है कि तीनों शराब के नशे में थे और डमरपुर झमाल के पास नहर में नहा रहे थे। इसी दौरान शेखर और विवेक किसी तरह नहर से बाहर निकल आए, जबकि विदान बंगाली गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही बेला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की सहायता से डूबे व्यक्ति की तलाश शुरू कराई। देर शाम तक गोताखोरों को बुलाकर नहर में तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका पता नहीं चल सका था।

थानाध्यक्ष बेला गंगा दास गौतम ने बताया कि गोताखोरों की मदद से लगातार तलाश अभियान चलाया जा रहा है और शव बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक विदान बंगाली राजस्थान के जोधपुर में मजदूरी करते थे और अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। उनकी दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है।

## गैस सिलेंडर की कमी से दुकानदार परेशान, भट्ठी जला बना रहे नास्ता

संवाददाता, औरैया


भट्ठियों के सहारे नास्ता बनाते दुकानदार।

**अमृत विचार।** जिले के बेला कस्बे में गैस सिलेंडर की कमी के कारण दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई दुकानों पर गैस चूल्हों की जगह अब पारंपरिक लकड़ी की भट्टियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

बेला में नाश्ते की दुकान चलाने वाले भवानीपुरवा निवासी विशाल ने बताया कि वे वर्षों से गैस सिलेंडर पर समोसे और अन्य नाश्ते की चीजें बनाते आ रहे थे, लेकिन पिछले कुछ समय से गैस की आपूर्ति बाधित होने के कारण उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में उन्हें कामकाज जारी रखने के लिए लकड़ी की भट्ठी का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गैस की तुलना में लकड़ी की भट्ठी पर काम करना काफी कठिन है। इसमें खाना बनाने में अधिक समय लगता है और भट्ठी से निकलने वाले धुएं तथा तेज गर्मी के कारण काम करना भी मुश्किल हो जाता है। ग्राहकों को समय पर ऑर्डर देने के लिए अब उन्हें पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही है। केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि घरेलू उपभोक्ता भी गैस सिलेंडर की कमी से प्रभावित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों द्वारा नियमित आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिससे होटलों और ढाबों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। कस्बे के लोगों ने प्रशासन से इस समस्या पर शीघ्र ध्यान देने और गैस सिलेंडर की आपूर्ति को सुचारु कराने की मांग की है, ताकि छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## 'परख' सर्वेक्षण पर कार्यशाला, शिक्षकों को डेटा विश्लेषण की दी गई जानकारी

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजीतमल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण को लेकर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे बैच का सोमवार को समापन हो गया।

कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को सर्वेक्षण से जुड़े आकड़ों की समझ विकसित कराना और उन्हें विद्यालय स्तर पर शैक्षणिक सुधार के लिए प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए तैयार करना था। समापन सत्र में डायट प्राचार्य एस राजपूत ने प्रतिभागी शिक्षकों से प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर सुझाव और फीडबैक प्राप्त किया। कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों की पेशेवर क्षमता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यशाला के दौरान संदर्भदाता डाईट प्रवक्ता विजय राजपूत, संजय सरोज व एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी व अलका यादव ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया।

**● दो दिवसीय कार्यशाला के दूसरे बैच का प्रशिक्षण पूरा**

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें सहायता प्राप्त, निजी तथा राजकीय विद्यालयों के शिक्षक शामिल रहे। प्रशिक्षण सत्रों में राष्ट्रीय, राज्य, जनपद और ब्लॉक स्तर पर प्राप्त 'परख' सर्वेक्षण के आकड़ों का अध्ययन और विश्लेषण किया गया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को बताया कि इन आकड़ों के आधार पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों और कमजोरियों को समझा जा सकता है। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों में लागू की जा रही होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड प्रणाली पर भी विस्तृत चर्चा की। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनकी अन्य क्षमताओं का भी आकलन किया जा सकेगा।

## समस्या:गैस बुकिंग के लिए एजेंसियों में लग रहीं कतारें

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार। एलपीजी गैस बुकिंग कराने को लेकर लोग खासे परेशान हो रहे हैं। सोमवार को सुबह से उपभोक्ताओं की भारी भीड़ कस्बे के अन्नपूर्णा गैस एजेंसी बाहर उमड़ी। तमाम गांवों के उपभोक्ता बिना बुकिंग कराए लाइन में लगे रहे।

कस्बा निवासी उपभोक्ता ओमकार कठेरिया ने बताया कि गैस बुकिंग नहीं की जा रही है। जबरन उपभोक्ताओं को पाइप दी जा रही है। वह भी एमआरपी से अधिक पैसे लिए जा रहे हैं। तमाम गांवों के उपभोक्ता बिना मोबाइल से बुकिंग कराए कतार में सुबह से लग गए। हालांकि एजेंसी कर्मी बोल रहे थे कि पहले बुकिंग कराकर आओ उसके बाद डीएसी रसीद कटवाकर सिलेंडर मिलेगा। अफवाहों के चलते गांव के उपभोक्ता लाइन में लग जाने से भीड़ बढ़ रही। गैस बुंकिग की चल रही मारा मारी से उपभोक्ता पहले से ही परेशान था ऊपर से ग्रामीणांचल के उपभोक्ताओं के लिए एक नई दिक्कत सामने आ गई है। शासन की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए अब गैस बुकिंग की समय सीमा 45 दिननिधार्रित कर दी गई है। ऐसे में उपभोक्ताओं के सामने गैस बुकिंग को लेकर एक नई परेशानी खड़ी हो गई है। ग्रामीण उपभोक्ता 45 दिन से पहले ऑन लाइन गैस की बुकिंग नहीं कर पाएंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं को अब नए गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए और इंतजार करना पड़ेगा। पहले सभी उपभोक्ता 25 दिन में ऑन लाइन बुकिंग कर सकते थे। लेकिन नए आदेश से अब 20 दिन बुकिंग की मियाद बढ़ाते हुए 45 दिन कर दी गई है। गैस एजेंसी संचालक शिशुपाल सिंह ने बताया कि 382 सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए गोदाम पर स्टाक खत्म हो गया है। गैस पाइप 190और 100 रुपये के निधार्रित रेट पर दें रहे हैं।

तैयारी

27 मार्च को सम्पन्न होंगे नवरात्रि, तैयारियों में जुटे श्रद्धालु

# चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से, पालकी पर सवार होकर आएंगी माता

संवाददाता, रुरुगंज (औरैया)

**अमृत विचार।** हिंदू नवसंवत्सर का शुभारंभ इस वर्ष 19 मार्च से होगा। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि की भी शुरुआत मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह दिन सृष्टि के आरंभ का प्रतीक माना जाता है। चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेंगी। नौ दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व में श्रद्धालु देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे और उपवास रखकर शक्ति की आराधना करेंगे। इस वर्ष के चैत्र नवरात्र को ज्योतिषाचार्यों ने विशेष बताया है। इधर नवरात्रि को श्रद्धालुओं ने भी तैयारिया शुरू कर दी है।


पं. श्याम बिहारी।

मान्यता के अनुसार हर वर्ष माता रानी किसी न किसी वाहन पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर आती हैं और उसी के आधार पर पूरे वर्ष के संकेत माने जाते हैं। इस बार माता रानी का आगमन पालकी पर होगा, जबकि उनका प्रस्थान हाथी पर माना जा रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का अलग-अलग वाहनों पर आगमन और प्रस्थान आने वाले समय के संकेत देता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार माता रानी का पालकी में आगमन सामान्यतः शुभ संकेत नहीं माना जाता। इसे आने वाले समय में अस्थिरता, राजनीतिक उथल-पुथल और सामाजिक परिस्थितियों में उतार-चढ़ाव का संकेत माना जाता है। विद्वानों का मानना है कि इस प्रकार का योग बनने पर देश-दुनिया में कुछ अप्रत्याशित घटनाएं देखने को मिल सकती हैं।

### घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

- पंडित श्याम बिहारी द्विवेदी ने बताया कि पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च 2026 को सुबह 6 :52 बजे प्रारंभ होगी और 20 मार्च को सुबह 4 :52 बजे समाप्त होगी। उदय तिथि के आधार पर नवरात्र 19 मार्च से शुरू होंगे। घटस्थापना का मुख्य मुहूर्त सुबह 6 :52 से 7 :43 बजे तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 :05 से 12 :53 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इस मुहूर्त में कलश स्थापना करने से घर में सुख-समृद्धि और मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।

ज्योतिषाचार्य पंडित श्याम बिहारी द्विवेदी के अनुसार इस वर्ष शक्ति उपासना का यह पर्व कई दृष्टियों से विशेष है। उन्होंने बताया कि 19 मार्च से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र में माता रानी पालकी पर सवार होकर पृथ्वी पर पधार रही हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पालकी पर आगमन यह संकेत देता है कि आने वाले समय में राजनीतिक अस्थिरता, सामाजिक तनाव और परिस्थितियों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। पंडित श्याम बिहारी द्विवेदी ने बताया कि शास्त्रों में वर्णित मान्यताओं के अनुसार यदि माता रानी पालकी पर आती हैं तो इसका अर्थ यह भी माना जाता है कि देश और दुनिया में बीमारी या महामारी जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि देवी की आराधना, भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा से हर प्रकार की नकारात्मकता को दूर किया जा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की सच्चे मन से पूजा-अर्चना, व्रत और हवन-पूजन करने से घर-परिवार में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। यह पर्व आत्मशुद्धि, भक्ति और शक्ति प्राप्ति का प्रतीक है। नवरात्र के दौरान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। वहीं श्रद्धालु अपने घरों में कलश स्थापना कर नौ दिनों तक माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा करेंगे। अष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन के साथ नवरात्र का समापन किया जाएगा।

# दबंगों ने पेट्रोल पंप पर युवक के साथ की मारपीट, दर्ज हुई एफआईआर

संवाददाता,कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र में भरथना रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार कस्बा बिधूना के मोहल्ला किशनी रोड निवासी ऋषि कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने थाना कुदरकोट में दी गई शिकायत में बताया कि 13 मार्च की रात करीब 9:30 बजे वह अपने ड्राइवर के साथ कुदरकोट में भरथना रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर तेल के पैसों का हिसाब-किताब कर रहे थे। उसी दौरान मोटरसाइकिल से दो युवक वहां पहुंचे। आरोप है कि दोनों युवक नशे की हालत में थे और आते ही बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों युवकों ने फोन कर अपने दो अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में उनके साथी भी वहां पहुंच गए। इसके बाद चारों लोगों ने मिलकर ऋषि कुमार के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने लात-घूंसों के साथ लाठी-डंडों से भी हमला किया, जिससे उनके हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के दौरान पेट्रोल पंप के पास स्थित चाय की दुकान पर मौजूद लोगों ने शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट करने के बाद सभी आरोपी यह धमकी देते हुए मौके से भाग गए कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ित ने वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की, जिनके माध्यम से आरोपियों की पहचान जसवंत उर्फ टिंकू, पिंकू व विपिन पुत्र जसराम यादव निवासी ग्राम पथरया थाना कुदरकोट के रूप में हुई। इसके बाद पीड़ित ने थाना कुदरकोट पहुंचकर पूरे मामले की लिखित तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

**● 13 मार्च रात करीब साढ़े 9 बजे की घटना**

## न्यूज ब्रीफ

### बालक को सांप ने डसा, हालत बिगड़ी

**मौदहा।** कस्बे में घर के बाहर खेल रहे एक सात वर्षीय बालक को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। कस्बे के उपरौस मोहल्ला निवासी जावेद अली का सात वर्षीय पुत्र इमरान अली घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक सांप ने डस लिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और वे तत्काल बालक को लेकर कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार चल रहा है।

### बालक चेचक की चपेट में आया

**बिवांर।** कस्बे के बाला मोहल्ले में 13 वर्षीय अंशू पुत्र बबलू वर्मा चेचक की बीमारी से ग्रसित होने पर परिजन उपचार न करा कर देवी देवताओं की शरण ले रहे हैं। सुबह देवी मंदिर में उसको साथ ले जाकर पर जिन्होंने पूजा अर्चना किए जाने का कार्य किया। चेचक की बीमारी से छुटकारा पाने के लिए देवी मंदिर में जाकर परिजनों ने मनौती मांगने का कार्य किया। पीएचसी में तैनात डॉ .एसके सिंह ने बताया की जानकारी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजकर उसका उपचार किया जाएगा।

### सोने-चांदी के जेवरात व नकदी ले गए चोर

**राठ।** नगर के पठानपुरा निवासी निर्मला पत्नी संदीप ने बताया कि रविवार को जब वह बाजार गई थीं। उसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर सोने का मंगलसूत्र, सोने का हार, चांदी की पायल, चांदी के बिछुआ, बच्चों की चांदी की करधनी, चांदी की बिछिया सहित करीब 500 रुपये नगद चोरी कर ले गए। जब वह घर लौटीं तो सामान बिखरा पड़ा था। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि जांच कराई जाएगी।

### बाइक से गिरकर युवक घायल, रेफर

**मौदहा।** नगर के उपरौस निवासी संदीप (20) पुत्र संतोष कुमार रविवार की रात बड़े चौराहे से बाइक द्वारा बाजार की ओर आ रहा था। तभी तहसील मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गया। जिसे लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सवारियां बैठाने को लेकर चालक भिड़े

**सुमेरपुर।** ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर दो ऑटो चालक आपस में भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे को पीटा। कस्बा निवासी आशीष गुप्ता ने तहरीर में आरोप लगाया कि ऑटो में सवारियां बैठाने को लेकर मौदहा कोतवाली के मकरांव निवासी ऑटो चालक मच्छर प्रजापति से विवाद हो गया। मच्छर ने उसे पीटा जिससे उसे गंभीर चोटें लगी है।

### भौली रोड पर आपे पलटा, छह घायल

**कुरारा।** कुरारा-भौली मार्ग पर लल्ली डेरा गांव के पास सोमवार को सुबह 11 बजे लल्ली डेरा गांव निवासी रामकुमारी (59), सत्यवती (35), मिथलेश (40), विनीता (19), बिंदा (46), ऊषा देवी (27) आपे में बैठकर हार्वेस्टर में मटर की कटाई करने जा रहे थे। तभी आपे अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे सभी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

### पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की तहरीर

**बिवांर।** बिवांर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गांव निवासी मुखिया पुत्र सइयादीन वर्मा ने थाने तहरीर देते हुए बताया कि सुबह 10 :00 बजे करीब साइकिल में गैस सिलेंडर को रखे हुए कस्बे के नया बस स्टॉप से घर जा रहा था। बस स्टॉप के होटल संचालक में डिब्बा से उस पर पानी फेंक दिया। जिससे कपड़े गीले हो गए। इसका विरोध करने पर संचालक उसके साथ अभद्रता करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर होटल संचालक ने अपने पुत्र के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगा। शोर मचाने पर राहगीरों ने हस्तक्षेप कर बीच बचाव किया। पीड़ित ने पिता-पुत्र दोनों खिलाफ थाना में तहरीर दी। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच कर पिता-पुत्र के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



कर्मचारियों को सुरक्षा किट देतीं अध्यक्ष आशारानी कबीर। अमृत विचार

## कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष ने 75 कर्मचारियों को बांटी सुरक्षा किट

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की ओर से सभी 75 सफाई कर्मचारियों को सोमवार को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। नगर पंचायत हाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष आशारानी कबीर ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षा किट का वितरण किया।

सुरक्षा किट पाकर सफाई कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी अनिरुद्ध पांडेय, अमित द्विवेदी, शेखर, दिलीप, संदीप बोट बाबू आदि लोग मौजूद रहे।

## कानपुर में निरंकारी संत समागम 22 को

**हमीरपुर।** संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि 22 मार्च को दिव्य समागम कानपुर के निराला नगर स्थित रेलवे ग्राउंड (पराग डेयरी के समीप) होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु सतगुरु के अमृतमय संदेशों का श्रवण करेंगे।

समागम स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर, प्याऊं, चिकित्सा सेवा, पार्किंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। दिव्य समागम की पूर्व बेला में युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से 20 एवं 21 मार्च को 'निरंकारी यूथ सिम्पोजियम' का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य विषय 'द सिक्स एलीमेंट्स'-छः तत्व रहेगा।

## 'पंडित' पर छिड़ी रार, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

- दरोगा भर्ती परीक्षा में आपत्तिजनक प्रश्न से ब्राह्मण समाज में आक्रोश
- एबीबीएपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर डीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक आपत्तिजनक प्रश्न को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोश है। सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आपत्तिजनक प्रश्न के विरोध में कलेक्ट्रेट में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी घनश्याम मीना को सौंपा।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की मातृ प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष दीपा तिवारी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया कि यूपी पुलिस सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती परीक्षा के हिंदू खंड में एक अत्यन्त आपत्तिजनक और समाज के सम्मानित एवं प्रबुद्ध वर्ग की भावनाओं को आहत करने के उद्देश्य से पूर्वाग्राही होकर प्रश्न पूछा गया है। जिससे ब्राह्मण समाज में आक्रोश है। उन्होंने पंडित को अवसरवादी बताया है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि दुराग्रही प्रश्न के अलावा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड की ओर से बीते 15 मार्च को एक्स पोस्ट पर एक और दुराग्रही विधि विरुद्ध और लोकतंत्र विरुद्ध संदेश जारी कर प्रतियोगी परीक्षा के प्रतिभागियों और सामान्य जनमानस में प्रश्न पत्र के बारे में विचार-विमर्श करने पर रोक लगाते हुए संदेशों को डिलीट करने के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने इस प्रकरण की स्थायी रोकथाम के लिए विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है। इस मौके पर नरेंद्र कुमार बाजपेयी, पं बृजेश कुमार बादल, नीरज मिश्रा, मोहिनी पांडे, वंदना तिवारी, रूबी तिवारी, स्वाति तिवारी सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गैस एजेंसी संचालक व मैनेजर समेत 5 पर केस

### पूर्ति निरीक्षक ने जिलाधिकारी के आदेश पर दर्ज कराया मुकदमा

- जांच में घरेलू और कॉमर्शियल सिलेंडर कम मिलने पर कार्रवाई
- एजेंसी संचालक बसपा नेता ने कार्रवाई को अवैध बताया

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक ने गैस की कालाबाजारी में लिप्त बसपा नेता एवं उनके मैनेजर के अलावा तीन अन्य के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। बसपा नेता ने कार्रवाई को अवैध बताते हुए न्यायालय जाने की बात कही है।

रविवार को जिलापूर्ति निरीक्षक की टीम ने सुरौली बुजुर्ग में संचालित विवेक इंडेन गैस में छापा मारा था। टीम को जांच में 111 घरेलू सिलेंडर, 93 कमर्शियल सिलेंडर कम मिले थे। इसके बाद जिलाधिकारी की अनुमति पर गैस एजेंसी के संचालक बसपा नेता रामफूल निषाद, एजेंसी के मैनेजर रामनरेश निवासी जारा थाना चांदपुर फतेहपुर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। बसपा नेता गैस एजेंसी संचालक रामफूल निषाद ने कहा कि यह कार्रवाई दबाव में की गई है। उनके यहां कोई गड़बड़ी नहीं है। टीम ने मैनेजर से जबरिया कागजातों में हस्ताक्षर कराए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस कार्रवाई के खिलाफ न्यायालय की शरण में जाएंगे।

इसी तरह टीम ने पत्योरा गांव में कामन सर्विस सेंटर में छापा मारा था। यहां से टीम को 7 घरेलू सिलेंडर प्राप्त हुए थे। इसके खिलाफ पूर्ति निरीक्षक अभय उपाध्याय ने मुकदमा दर्ज कराया। पत्योरा में ही टीम ने चक्की घर में छापा मारकर 7 सिलेंडर खाली पकड़े थे। चक्की मालिक प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उधर, टीम ने कस्बे के कमलेश तिराहा में संचालित दिव्या स्वीट एवं नमकीन में छापा मारकर तीन घरेलू सिलेंडर से मिठाई एवं नमकीन तैयार करते पकड़ा था। यहां से टीम को तीन खाली व्यावसायिक सिलेंडर भी मिले थे। पूर्ति निरीक्षक ने दिव्या स्वीट्स नमकीन के मालिक कमलेश गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति विभाग की इस कार्यवाही से जमाखोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। साथ ही इस कार्यवाही से कस्बे में संचालित होटलों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग बंद हो गया है और होटल संचालक भट्ठी का उपयोग करके लकड़ी के गिट्टक जलाने लगे हैं।

## मधुमक्खियों के हमले में 3 घायल

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में मधुमक्खियों के हमले से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

तिन्दूही निवासी विवेक यादव अपने साथी अरविंद के साथ खेत में फसल की थ्रेसरिंग का काम कर रहे थे। इसी दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया और इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अरविंद की हालत गंभीर देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना में कस्बे के उपरौस मोहल्ला निवासी उमेश (18) पेड़ पर लगे मधुमक्खियों के छत्ते से शहद निकाल रहा था। तभी मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से बांदा रोड पर भीषण जाम, बच्चे फंसे

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के बांदा रोड पर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद वाहनों के आड़ा-तिरछा घुस जाने से दोपहर में भीषण जाम लग गया। जाम में रोडवेज बसें, स्कूली बसें आदि फंस गईं। जाम से करीब एक घंटे स्कूली बच्चे यात्री धूप गर्मी के कारण परेशान रहे।

बांदा रोड पर छोटी बाजार एवं धर्मेश्वर बाबा मुहाल के मध्य रेलवे का गेट संख्या 31 है। ट्रेनों के गुजरने के कारण इसको दिन में कई मर्तबा बंद किया जाता है। सुबह करीब 11 बजे दुर्ग से कानपुर जा रही बेतवा एक्सप्रेस को निकालने के लिए गेट बंद किया गया था। यात्री गाड़ी के निकलने के बाद जब गेट खोला गया तो भीषण जाम लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाम लगने का मुख्य कारण वाहनों के आड़ा तिरछा घुसना था। जाम से करीब एक घंटा बांदा मार्ग बाधित रहा और जाम में यात्री बसों के अलावा स्कूली बसें, डग्गामार वाहन ट्रक आदि फंसे रहे। एक घंटे बाद यातायात सामान्य होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।



चिलचिलाती धूप के बीच जाम में फंसे स्कूली और अन्य वाहन। अमृत विचार

### सड़क किनारे लगी आग, दमकलकर्मी जूझे

**पौथिया।** राठ स्टेट हाईवे के किनारे कूड़ा करकट के ढेर में अचानक आग भड़क उठी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पौथिया निवासी छइया गुप्ता की दुकान के पास राठ हाईवे के फुटपाथ पर मोहल्ले सहित दूसरे मोहल्ले के लोग कूड़ा करकट डालते हैं। कूड़ा डालते समय किसी ने चूल्हे की आग डाल दिया, जिससे कूड़े के ढेर में आग लग गई और धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। जिस पर ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

## फर्जी आईडी से सपा नेता की छवि धूमिल करने का आरोप

- कुछ नेताओं पर षड़यंत्र रचने का संदेह जता कोतवाली में दी तहरीर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के चरखारी रोड पर रहने वाले सपा नेता एवं रिहुंटा जिला पंचायत सदस्य राम सजीवन यादव की फर्जी फेसबुक आईडी से भ्रामक लेख प्रसारित कर वायरल किया गया है। उनके भतीजे ने कोतवाली में तहरीर देकर प्रकरण की जांच कराने व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर जिला पंचायत सदस्य की ओर से 8 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। नहदौरा के मोहित ने तहरीर में बताया कि उसके चाचा राम सजीवन यादव रिहुंटा जिला पंचायत सीट से जिला पंचायत सदस्य हैं और आगामी चुनाव में दोबारा उम्मीदवार बनने की तैयारी कर रहे हैं। आरोप लगाया कि अज्ञात लोगों ने फेसबुक मैसेंजर पर राजपूत निधि नाम से फर्जी आईडी बनाकर एडिट की गई फर्जी अखबार की कटिंग और भ्रामक संदेश वायरल कर रहे हैं। आरोप लगाया कि उक्त लोगों के द्वारा राम सजीवन यादव की सामाजिक व राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित के अनुसार उक्त फेसबुक आईडी से 8 लाख रुपये की मांग की गई तथा 8 लाख रुपये न देने पर उन्हें बदनाम करने की धमकी दी गई। एक मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी भी मिली है। मामले में राम सजीवन यादव का कहना है कि उनकी राजनैतिक छवि खराब करने के उद्देश्य से यह साजिश रची जा रही है। मामले में कुछ स्थानीय नेताओं पर भी संदेह जताया गया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि प्रकरण की गहनता से जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## शिष्य की कामयाबी पर झूमे गुरुजन माला पहनाकर किया सम्मानित

- यूपीएससी में चयनित डा.यशवर्धन पहुंचे क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल
- सम्मान कार्यक्रम के दौरान याद आए स्कूल में गुजारे गए पल

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** यूपीएससी परीक्षा में 212 वीं रैंक लाने वाले कस्बे के डॉ.यशवर्धन राजपूत के क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल पहुंचने पर स्कूल के संस्थापक, टीचर और प्रिंसिपल ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान डा. यशवर्धन राजपूत ने अपनी शिक्षा और बच्चों को अपना मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी प्राचार्य ब्रह्मानंद महाविद्यालय डा.सुरेंद्र सिंह के छोटे बेटे यशवर्धन ने क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल से 2014 में सीबीएसई से 10 और 2016 में 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इंटरमीडिएट के बाद यशवर्धन ने पूरे मन के साथ तैयारी की। 2017 में यशवर्धन का चयन एमबीबीएमसी में हुआ था। अभी हाल ही में घोषित हुए यूपीएससी परीक्षा में 212 वीं लाने पर यशवर्धन ने स्कूल का मान बढ़ाया। सोमवार को डा. यशवर्धन अपने बीते दिनों को याद करते हुए क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल पहुंचे। जहां स्कूल के संस्थापक एमडी एस धनबालन, प्रिंसिपल ई-रोबिन धर्मराज समेत सभी टीचरों ने डा.यशवर्धन की कामयाबी पर खुशी जताते हुए आर्शीवाद दिया। इस दौरान डा. यशवर्धन के गले में फूल माला डाल स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।



डा .यशवर्धन को माला पहनाते एमडी एस धनबालन व प्रिंसिपल ई-रूबिन धर्मराज।

## कुरान मुकम्मल होने पर हाफिजों का हुआ सम्मान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** रमजान के तीसरे अशरे में मस्जिदों में कुरान मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को रहमानिया मस्जिद में कुरान मुकम्मल और उपरौस की निजामियां जामा मस्जिद में शबीना का आयोजन किया गया। रविवार को औलिया मस्जिद और मस्जिद हक्की बाबा में कुरान मुकम्मल हुआ। मस्जिद इंतेजामिया और मोहल्ले वालों ने हाफिजों को नकदी और उपहार देकर सम्मानित किया।

हैदरिया स्थित औलिया मस्जिद (टिकरा वाली) में कुरान मुकम्मल हुआ। तरावीह की नमाज़ में कुरान सुनाने वाले हाफिज मुफ्ती सलमान मिस्बाही को मस्जिद इंतजामिया और युवाओं ने फूल माला पहनाकर नकदी के साथ उपहार देकर विदा किया। इस दौरान मुफ्ती सलमान सहित अन्य हाफिजों ने रमजान, ईद और कुरान पर विस्तार से खिताबत की। मस्जिद के इमाम हाफिज रफीक और मोहल्ले वालों का भरपूर सहयोग रहा। कस्बे के हैदरगंज स्थित मस्जिद हक्की बाबा में कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज रेहान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। तरावीह के बाद मौलाना मुफ्ती शाहिद अली मिस्बाही ने तकरीर में क़ुरान व रमज़ान पर रोशनी डाली। इसके बाद फातहा हुई और सलातो सलाम पढ़ने के उपरांत कुरान मुकम्मल करने वाले हाफिज रेहान को फूल माला पहनाने के बाद मुबारकबाद दी गई। लोगों ने हाथ उठाकर बारगाहे रब में अपने गुनाहों की तौबा की।



हाफिजों का स्वागत करते लोग।

छलका दर्द | वीर भूमि बुंदेलखंड पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री से मांगी सुरक्षा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सोमवार को बीर भूमि बुंदेलखंड पूर्व सैनिक कल्याण समिति के बैनर तले पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि सैनिक देश की सम्प्रभुता और अखंडता के लिए अपना बलिदान देने के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन असामाजिक तत्वों और पुलिस व प्रशासन की ओर से इनका उत्पीड़न हो रहा है।

सैनिकों के उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे सेवारत सैनिकों के साथ रिटायर्ड सैनिकों और उनके परिवारों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है। झांसी जिले में बुजुर्ग सूबेदार मेजर जगत नारायण शर्मा पर पुलिस का अत्याचार, भिंड जिले में सूबेदार मेजर राकेश सिंह पर पुलिस का अत्याचार, जालौन में साजिश के तहत पूर्व सैनिक सुरेंद्र सिंह पाल की गिरफ्तारी, कानपुर में सार्जेंट की पुलिस पिटाई का मामला उदाहरण हैं। यहां अध्यक्ष राजबहादुर सिंह परिहार, कोषाध्यक्ष बृजलाल प्रजापति, संयोजक अशोक सिंह, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिंह, गोपी चंद प्रजापति, इंद्रजीत सिंह, घनश्याम शर्मा, बरदानी, इमामुद्दीन, अताउल्लाह खां. जयराम यादव, संतराम, कुबेर सिंह यादव, शफीक अहमद, बृजलाल यादव ग्वानुद्दीन, शारदा कुशवाहा, चुन्नू हिंद यादव बलराम सिंह, जयनारायण सिंह, सुरेश प्रजापति, केडी यादव रहे।



मौदहा तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

### राठ तहसील में भी हुआ विरोध प्रदर्शन

**राठ।** तहसील में भी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने उत्पीड़न को लेकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम अभिमन्यु कुमार को ज्ञापन सौंप सुरक्षा मांगी। जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर (रिटा.) जागेश्वर प्रसाद ने कहा कि सैनिक देश की सीमाओं पर कठिन हालातों में ड्यूटी करते हैं। जब सैनिक घर लौटते हैं तो कई बार उन्हें और उनके परिवारों को उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। यहां सदानंद खरे, जानकी प्रसाद, हबीब खान, हरीसिंह, महेश यादव, संतोष कुमार, उदेश कुमार, सुनीलबाबू तोमर, अखिलेश कुमार, इंद्रजीत आदि रहे।

## ब्राह्मण समाज संगठित होकर आगे आए

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद इकाई मौदहा की एक बैठक परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में मराठीपुरा स्थित लीला भवन में हुई जिसमें ब्रह्म समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर गहन चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए रामचंद्र शुक्ल ने कहा कि अब समय आ गया है कि ब्राह्मण समाज आपस में संगठित होकर समाज के हित में अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करें। बैठक के दौरान नगर के श्री कुंवर विद्यालय में 29 मार्च को तहसील स्तर पर मातृशक्ति सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया जिसमें सभी पदाधिकारी को सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है उक्त मातृ शक्ति सम्मेलन की मुख्य अतिथि मातृशक्ति प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश की संयोजिका डॉक्टर स्मिता त्रिपाठी मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रीमती बीना पांडेय करेंगी तथा कार्यक्रम की संयोजिका पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चंचला पालीवाल, उमा दीक्षित एवं भगवती पांडेय करेंगी। इस सम्मेलन का उद्देश्य ब्राह्मण समाज में व्याप्त अशिक्षा, सामाजिक समरसता, दहेज उन्मूलन, जागरूकता, निर्धन कन्या सामूहिक विवाह व यूजीसी आदि जैसे ज्वलंत मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। बैठक में जयप्रकाश त्रिपाठी जिला अध्यक्ष (शिक्षक प्रकोष्ठ), राकेश पालीवाल प्रबंधक (श्रीमती विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज), रमाकांत शुक्ला, अरविंद शर्मा महामंत्री, राघवेंद्र गौतम ब्लॉक अध्यक्ष, अजय तिवारी उपाध्यक्ष, आयुष तिवारी प्रबंधक श्री कुंवर विद्यालय, आकाश त्रिपाठी (अज्जू) नगर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।



बैठक में शामिल ब्राह्मण एकता परिषद के सदस्य। अमृत विचार

अमृत विचार

कानपुर, मंगलवार,17 मार्च 2026 महोबा-जालौन

## न्यूज ब्रीफ

### डकोर सीएचसी की परखीं व्यवस्थाएं

**कुसमिलिया।** अधिकारियों ने सोमवार को सीएचसी में कायाकल्प एक्सटर्नल असेसमेंट किया। डॉ आरिफ बेग और डॉ फिरोज अहमद ने ओपीडी कक्षा, दवा वितरण कक्ष, दवा भंडारण कक्ष, बीपीएचयू लैब में पहुंचकर काम करने के तरीके को बारीकी से चेक किया। इसके बाद लेबर रूम और एक्स-रे रूम को भी चेक किया। टीबी यूनिट में मरीजों से फीडबैक लिया। इस दौरान डकोर चिकित्सा अधीक्षक डॉ इदरीश मोहम्मद, डॉ जयंती आर्य, डॉ मानसी मौर्य, डॉ राजकुमार, बीपीएम अर्चना गुप्ता, स्टाफ नर्स पुष्पा, रिचा, बबीता और फार्मासिस्ट विनय कुमार, ब्लॉक लेखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सोनी मौजूद रहे।

### खड़े ट्रक में रोडवेज बस टकराई, नौ घायल

**महोबा।** कानपुर से महोबा आ रही हमीरपुर डिपो की रोडवेज बस खनिज बैरियर के समीप हाईवे किनारे खड़े एक ट्रक से पीछे से जा टकराई। अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कबरई थाना प्रभारी सत्यवेंद्र सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल यात्रियों को कबरई सीएचसी में भर्ती कराया। घायलों में महोबा की नाजरा खातून, जयकरण, मौदहा के जयराम, शंकु, कानपुर की जशोदा, हृदयांश, खजुराहो के अच्छेलाल, सिद्धार्थ और बुजुर्ग लल्लीराम शामिल हैं। डाक्टर ने सिद्धार्थ और लल्लीराम की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### बैठक में रामनवमी की बनी रूपरेखा

**महोबा।** श्रीनगर में रामनवमी को लेकर सोमवार को चरनदासी मंदिर में बैठक हुई। बैठक में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की गई। 27 मार्च को रामनवमी पर शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। रतीशचंद्र रावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। युवाओं को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष अशीष मिश्रा ने कहा कि जगह जगह जलपान की व्यस्था की जाएगी और कस्बे में स्वागत गेट और झंडों के साथ साथ विद्युत की आकर्षक सजावट कर नगर को चमकाया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इस मौके पर रामनवमी समिति के नरेंद्र गंगेले, राजेश नामदेव, डीआर कुशवाहा, अनूप सोनी, दारा सिंह, अरविंद तिवारी शेषनारायण तिवारी, लालजी तिवारी, राजेश गुरूदेव, शिवम तिवारी, हिमांशु वाजपेयी, छोटू नरवरिया, आशीष मौर्या, सोमिल पटेरिया, अरूण श्रीमाली, आकाश पाटकार, राकेश सैनी, वीरेंद्र श्रीवास, राहुल तिवारी, मनोज श्रीमाली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### हजरत दीवान का 143वां उर्स मनाया

**कालपी।** औलिया रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह उदनपुरा में आयोजित 143 वां सालना उर्स हुआ। कव्वाल आमिल आरिफ दिल्ली व अनीस नवाब अहमदाबाद द्वारा शानदार कब्बाली पेश की गई तथा पूरी रात्रि अकीदतमंदों ने कव्वालियों का आनन्द उठाया। पूरी दुनिया में कालपी शरीफ के रूप में अपनी पहचान बनाए हजरत दीवान औलिया की दरगाह में 143 वें उर्स के मौके पर 15 मार्च रविवार की रात्रि देश के नामी गिरामी कव्वाल अनीस नवाब अहमदाबाद ने फरमाया अली नहीं तो नवी नहीं है, नवी नहीं तो अली नहीं है.., इसके बाद कई कव्वालिया पेश की। इस दौरान इस्तियाक अंसारी उर्फ बबलू, कल्लू अंसारी उर्फ कल्लू, हसीब अंसारी, मुकीम अंसारी, महबूब आलम, मुस्तकीम अंसारी, मुन्ना अंसारी, बली मोहम्मद उर्फ बल्लू, खजान्ची साजिद , सन्जू माते, राजा, कफील,अतीक दीवान आदि मौजूद रहे।

# वैष्णो देवी के लिए दंडवत यात्रा शुरू

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)

- करीब 1200 किमी की दंडवत यात्रा कर वैष्णो देवी के दर्शन करेगा युवक
- गाजे-बाजे के साथ मोहल्ले वालों ने फूलमाला पहनाकर युवक को विदा किया

**अमृत विचार।** 1200 किमी से अधिक दूरी का सफर दंडवत करके वैष्णो देवी मंदिर तक जाने का कस्बे के एक युवक ने संकल्प लेने के बाद सोमवार से मां वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए दंडवत करते हुए निकल पड़ा है। ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर फूलमाला पहनकर रवाना किया और देवी के उद्घोष के साथ उसका उत्साह भी बढ़ाया। मोहल्ले से गाजे बाजे के साथ उसे गांव के बाहर तक लोग छोड़ने गए।

जैतपुर के खंदियापुरा निवासी अखिलेश निषाद (28) ने मन में वैष्णो देवी के दर्शन करने का संकल्प लिया था। अब उसने संकल्प पूरा करने के लिए करीब 1200 किमी. दूर वैष्णो देवी मंदिर जाने के लिए यात्रा शुरू कर दी है। वह दंडवत होकर देवी के दर्शन करने के लिए पहुंचेगा। सोमवार को दोपहर एक बजे गांव के तमाम ग्रामीणों ने मुहाल पहुंचकर उसे गाजे बाजे के साथ युवक को टीका व फूल माला पहनाकर रवाना किया। इस मौके पर पुरुषों के अलावा महिलाओं की भीड़ जुटी। आगे आगे डीजे भक्ति गीत के साथ चल रहा था और उसके पीछे युवक दंडवत होकर जा रहा था। महिलाएं देवी गीत गाते हुए उसे गांव के बाहर तक छोड़ने के लिए गई। भारी संख्या में देवी भक्त गांव के बाहर तक पैदल पहुंचे, सभी ने दंडवत यात्रा को प्रणाम करते हुए सफल बनाने के लिए वैष्णो देवी से कामना की।


वैष्णो देवी के लिए दंडवत यात्रा पर निकला युवक। अमृत विचार

# कानून व्यवस्था और गैस मुद्दे पर निंदा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- सपा ने काशीराम की जयंती को बहुजन समाज और पीडीए दिवस के रूप में मनाया

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी ने सपा के जिला कार्यालय में कांशीराम की 92वीं जयंती को बहुजन समाज दिवस और पीडीए दिवस के रुप में मनाते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सपाईयों ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, शिक्षा का निजीकरण, गैस आपूर्ति आदि मुद्दों पर भाजपा सरकार की आलोचना की। इस मौके पर कांशीराम के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलते हुए संगठन को मजबूत बनाए जाने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने यूजीसी के मुद्दे पर दद्दू प्रसाद ने कहा कि संविधान को पूरी तरह लागू न किए जाने के कारण ही ऐसी संस्थाओं की जरूरत पड़ी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी यूजीसी के पक्ष में है और संविधान के पूर्ण क्रियान्वयन की मांग करती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के नारे को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी फार्मूले के तहत 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी 403 सीटों पर टिकट वितरण की तैयारी की जा रही है। कहा कि कहा कि कांशीराम ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने सामाजिक न्याय समानता और राजनीतिक भागीदारी की जो सोच समाज के सामने रखी वह प्रासंगिक है। प्रदेश सचिव मेघनाद सिंह खंगार ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए संकल्प लिया कि दोनों विधानसभा सीटों पर समाजवादी पार्टी की जीत सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि कांशीराम के विचारों का सम्मान करने के लिए उन्हें केवल वोट बैंक नहीं, बल्कि बराबरी का भागीदार बनाना होगा और विचारों से प्रेरणा लेकर समाज के पिछड़े दलित और अल्पसंख्यक वर्गों को मजबूत बनाने का कार्य निरंतर किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के विचारों को याद किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर हरि सिंह वर्मा, छत्रपाल यादव, जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, रोशन अली छोटे मियां, शाहिद राजू, अजयराज यादव आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता। अमृत विचार

# उत्पीड़न के विरोध में पूर्व सैनिकों ने उठाई आवाज

## एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, प्रधानमंत्री-रक्षामंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** सैनिकों और पूर्व सैनिको व उनके परिजनों के साथ हो रहे उत्पीड़न के विरोध में सोमवार को पूर्व सैनिक कल्याण एसोसिएशन ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया बाद में प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज को सौंपा। ज्ञापन में सैनिकों का उत्पीड़न रोके जाने की बात कही। एडीएम ने ज्ञापन को प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को शीघ्र भेजे जाने का एसोसिएशन को आश्वासन दिया।

ज्ञापन में बताया कि सभी पूर्व सैनिकों ने लेह लद्दाक जैसे दुर्गम सीमाओं में रहकर देश की सीमा की सुरक्षा के लिए अपना सबकुछ न्योछावर करने का जज्बा रखा है। आज भी वह सीमा की सुरक्षा के लिए जान देने को तैयार हैं। बताया कि जिस तरह से कार्यरत सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के परिवारीजनों पर पुलिस प्रशासन द्वारा अमर्यादित भाषा प्रयोग कर उत्पीड़न किया जा रहा है, इससे हम सभी पूर्व सैनिकों में आक्रोश है।

ज्ञापन में बताया कि सूबेदार मेजर जगत नारायण शर्मा झांसी पर पुलिस अत्याचार एवं मारपीट कर झूठी एफआईआर करने, कानपुर जिले के भारतीय वायु सेना के सेवारत जवान कारकोरल नीतीश कुमार के साथ मारपीट कर गिरफ्तारी की गई थी, जिसमे जवान के कान का पर्दा फट गया था। जिला जलौन निवासी पूर्व सैनिक सुरेंद्र पाल को झूठे मुकदमे में फसाने और मारपीट किए जाने से वह एक दशक से ग्राम प्रधान हैं। 12 मार्च को जनपद भिंड के भिऔना थाना के इंचार्ज ने सिविल ड्रेस में पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर राकेश सिंह की 87 वर्ष की मां पर अशोभनीय गाली गलौज और पूर्व सैनिक के साथ मारपीट की और ग्वालियर के सेवारत मेजर व उनके परिवार के साथ पुलिस ने जघन्य घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

इन समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिक कल्याण एसोसिएशन ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद्र कुशवाहा के अलावा तमाम पूर्व सैनिक शामिल रहे।


एडीएम को ज्ञापन सौंपते पूर्व सैनिक। अमृत विचार

# महिला आयोग की सदस्य ने सुना दर्द

**महोबा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा सिंह लोधी की अध्यक्षता में चरखारी तहसील सभागार में महिला, बालिका उत्पीडन की जनसुनवाई की, जहां पर महिलाओं की समस्याओं को सुना और दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करने के बाद अधिकारियों को प्राथमिकता से समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद महिला आयोग सदस्या ने समीक्षा बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं के बावत जानकारी दी।

जनसुनवाई के दौरान 23 पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये, जिसमें अधिकारियों ने दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए सदस्या ने सम्बन्धित अधिकारियों को यथोचित निस्तारण किये गये जाने निर्देश दिये। सदस्या के आने की खबर मिलते ही तमाम पीड़ित महिलाएं बालिकाएं तहसील परिसर चरखारी पहुंच गई और सदस्या को अपनी समस्याओं से अवतग कराया।


गैस एजेंसी का निरीक्षण करते एसडीएम। अमृत विचार

# एसडीएम ने एजेंसी में गैस का देखा स्टाक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** समय पर घरेलू गैस उपलब्ध कराने के मुख्यमंत्री के फरमान के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। उप जिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय और डीएसओ ने गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण कर स्टाक का जायजा लिया। सिलेंडर स्टाक का मिलान भी किया। अधिकारियों ने एजेंसी संचालक को होम डिलीवरी व्यवस्था सुधारने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के चलते गैस गोदामों के कर्मचारियों में खासा हड़कम्प मचा रहा। अधिकारियों ने इंडेन गैस गोदाम पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान में इंडेन गैस सिलेंडरों के मौजूदा स्टॉक का बारीकी से मिलान किया और संबंधित रजिस्टरों की जांच की। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी ने बताया कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। समाधान के लिए यह भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। कहा कि यह निरीक्षण आम उपभोक्ताओं को गैस की किल्लत से निजात दिलाने और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए किया गया।

# ब्लॉक संगोष्ठी में जुटे ग्राम प्रधान

**कालपी (जालौन)।** विकास खंड महेवा–नगर कालपी के अंतर्गत निपुण भारत मिशन के तहत सोमवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन श्याम पैलेस सर्वोदय इंटर कॉलेज परिसर में किया गया, जिसमें ग्राम प्रधानों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कालपी विधायक मा. विनोद चतुर्वेदी प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि निपुण भारत मिशन का उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों को पढ़ने-लिखने और गणित की बुनियादी शिक्षा में दक्ष बनाना है।

# बैंक में अभद्रता को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** यूपी ग्रामीण बैंक शाखा रिवई के कैशियर सहित अन्य स्टाफ खाताधारकों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे है। लोगों को चेकबुक के लिए कई-कई दिन चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के बैनर तले बैंक खाताधारकों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बैंक कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि विकासखंड चरखारी क्षेत्र के रिवई गांव में स्थित यूपी ग्रामीण बैंक के अधिकारी कर्मचारी ग्राहकों पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है, जिससे उनके बैंक संबन्धी तमाम कार्य रुके हुए है। बताया कि एक काम कराने के लिए बैंक के कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते हैं, इसके बाद भी कार्य हुआ है या नहीं इसका भी कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस संबन्ध में बैंक मैनेजर से भी पूछा गया तो वह भी वह भी कल आने की बात कहकर टहला देते हैं।

रिवई निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वह दूध डेयरी संचालित किए है और बैंक में खाता खुला है। व्यापार संबन्धी लेनदेन के लिए पांच माह पहले उसने चेकबुक के आवेदन किया था, लेकिन आज तक चेकबुक प्राप्त नहीं हुई। ज्ञापन में जीतेंद्र कुमार राजपूत, निरूपम तिवारी, अंकित, पार्वती, सुखदेवी हरिओम सोनी, संग्राम सिंह राम तिवारी ने हस्ताक्षर किए।

# 'पंडित' पर विधायक ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**महोबा।** उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र में पंडित शब्द का प्रयोग किए जाने का मामला गहरा गया है। भाजपा के सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने इसे षड़यंत्र के तहत सरकार की छवि धूमिल करने की साजिश बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा सदर ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उनका कहना है कि 'पंडित' शब्द का अर्थ विद्वान और सम्मानित व्यक्ति से जुड़ा होता है। इसे 'अवसरवादी' जैसे नकारात्मक अर्थ वाले शब्द के विकल्प के रूप में देना अनुचित है और इससे एक वर्ग विशेष की भावनाएं आहत हो सकती हैं। विधायक ने इसे जातीय तनाव पैदा करने की कोशिश बताया। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।


विधायक राकेश गोस्वामी।

# गांव का नाम बदलने पर आक्रोश

संवाददाता, आटा (जालौन)

**अमृत विचार।** गांव का नाम बदलने की चर्चा को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की मौजूदगी में खुली बैठक बुलाई। जिसमें ग्राम पंचायत का नाम बदलने की चर्चा पर नारेबाजी कर आक्रोश जताया। वहीं प्रस्ताव पारित कर राष्ट्रपति को ज्ञापन देने की सहमति बनाई।

कदौरा ब्लॉक के चमारी गांव का नाम बदले जाने की चर्चा पर गांव के लोगों ने आक्रोश जताया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव अनुसूचित जाति की विरासत व धरोहर रहा है। इस नाम से लोगों की भावनाएं इसलिए जुड़ी हैं कि पूर्व में अनुसूचित जाति के पूर्वजों ने इसे बसाया था। नाम बदलने से लोगों की पुरानी पहचान धूमिल हो जाएगी। ग्राम प्रधान बृजेश कुमार गौतम ने शनिवार को खुली बैठक बुलाकर ग्रामीणों की राय ली। बैठक में ग्रामीणों ने गांव का नाम बदलने की चर्चा पर आक्रोश जताते हुए नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि चमारी गांव का नाम न बदला जाए। अगर गांव का नाम बदला गया तो वह जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि वह राष्ट्रपति को ज्ञापन भी देंगे। बताया कि यूपी अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष रहे डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कुछ दिन पहले जिले के चमारी, बरेली के नवाबगंज तहसील के चमरौआ, उन्नाव के चमरौली गांव के नामों पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी ऐसे नामों का बने रहना सामाजिक संवेदनशीलता के लिहाज से चिंताजनक है।



विरोध में नारेबाजी करते ग्रामीण। अमृत विचार

**ईद की तैयारी** — ईद को लेकर बाजार में सजीं दुकानें, शाम होते ही बाजार में खरीदारों की जुट जाती भीड़

# बाजार में सिवई और सूतफेनी की खरीदारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान और ईद पर्व को लेकर बाजार में सूतफैनी और सिवइयों की दुकानें सजा गई हैं। नई नई किस्म की दुकानदारों ने सिवइयां मंगाई है, जिसमें कानपुरी और बनारसी सिवइयों की सबसे ज्यादा मांग है। रोजेदार सहरी के लिए सूतफैनी और सिवई की खूब खरीददारी कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग सहरी में ब्रेड का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे आज कल दुकानदारों की खासी बल्ले बल्ले है। बाजार के अलावा हवेली दरवाजा, आल्हा चौक और बजरिया में भी सिवई सूतफैनी की दुकानें सजी हुई हैं।

रमजान माह में रोजेदारों को तड़के सुबह चार बजे सहरी करना पड़ती है, जिससे रोजेदार खानपान हल्का फुलका करने के चक्कर मे रोटी व अन्य सामग्री का प्रयोग करने के बजाय ब्रेड, सूतफैनी और सिवई का अधिक इस्तेमाल करते हैं, जिससे शहर में जगह जगह सिवइयों की बिक्री हो रही है। सिवई और सूतफैनी की अच्छी खपत होने के कारण आएदिन दुकानदार बाहर से सिवई सूतफैनी का आर्डर कर रहे हैं। अब ईद त्योहार अनकरीब होने के कारण तमाम किराना दुकानदारों ने भी सिवई और सूतफैनी बेचना शुरु कर दी है।

रोजों में ब्रेड, सिवई और सूतफैनी की बिक्री अन्य महीनों के अलावा चार गुना बढ़ गई है, जिसके चलते दुकानदारों को अच्छी बिक्री होने से खासा मुनाफा हो रहा है। इतना ही नहीं दुकानदार किराना सामान के साथ साथ इस मुकद्दस माह और ईद के चलते सिवई, सूतफेनी की भी बिक्री करने लगे हैं। दुकानदार दुकानों के बाहर ब्रेड और सिवइयां के पैकेट सजाकर रख देते हैं, जिससे ग्राहकों को दूर से ही सिवइयां दिखाई देती हैं। शाम होते ही बाजार में सहरी के लिए लोग खरीदते है।


बाजार में सजी सिवई और सूतफेनी की दुकानें। अमृत विचार

### गर्मी के चलते रूहआफजा और नींबू की बढ़ी मांग

- रमजान पर इफ्तार के लिए चिप्स, पापड़, फल, दही, मट्ठा, पिंडखजूर की भी खूब खरीदारी होती है। गर्मी होने से इफ्तार के वक्त लोगों ने शर्बत का भी प्रयोग शुरू कर दिया है, जिससे रूहआफजा, सिकंजी, शर्बत-ए-आजम और नींबू की सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है। नीबू के दाम आसमान छू रहे हैं। बाजार में 200 रुपये किलो नीबू बिक रहा है। इफ्तार करने के बाद मट्ठा फुलकी और दहीबड़ा का भी सेवन किया जाता है।

# होली मिलन समारोह में हुई सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** नगर के श्याम पैलेस गेस्ट हाउस में दृढोमर समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला,पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

दृढ़ोमर वैश्य समाज सेवा समिति कालपी द्वारा होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने राधा-कृष्ण की सुन्दर झांकी एवं फूलों की होली एवं एक दूसरे को गुलाल लगाने के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन इकाई कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कालपी इकाई के संरक्षक सीताराम गुप्ता, सन्दीप गुप्ता, इकाई अध्यक्ष दीपेन्द्र गुप्ता, इकाई महामंत्री अतुल गुप्ता, इकाई कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, इकाई उपाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, मंत्री राजेंद्र गुप्ता ( नेता जी ), संगठन मंत्री विनीत गुप्ता, प्रचार मंत्री गगन गुप्ता, महिला अंचल अध्यक्ष सुमन गुप्ता, महिला संरक्षक रानी गुप्ता, किरन गुप्ता, संगीता गुप्ता, महिला इकाई अध्यक्ष मोहिनी गुप्ता, मधु गुप्ता, राधा गुप्ता, रीना गुप्ता, अर्चना गुप्ता, सरिता गुप्ता, सरोज गुप्ता, पूजा गुप्ता आदि रहे।


होली मिलन समारोह में राधा-कृष्ण की झांकी की प्रस्तुति दी गई। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### झगड़ा भूलकर एक साथ रहने को राजी दंपती

**चित्रकूट।** परिवार परामर्श केंद्र की पुलिस टीम ने पति-पत्नी के बीच सुलह कराई। निशा द्विवेदी पत्नी उज्जवल ने पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरुद्ध मारपीट, लड़ाई-झगड़ा करने व दहेज की मांग करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में मुख्य आरक्षी रजनी सिंह, आरक्षी अनामिका सिंह ने दोनों पक्षों को समझाया। इस पर दोनों पक्ष द्वारा भविष्य में आपस में पारिवारिक सामंजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात पर सहमत हो गए।

### जनगणना के लिए फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं गणना के अंतर्गत फील्ड ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की अपर जिला अधिकारी चंद्रशेखर ने शुरुआत कराई। प्रशिक्षण 18 मार्च तक चलेगा। प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना के नियमों व प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनरों नवीन वर्मा व गीत श्रीवास्तव द्वारा अमित कुमार पटेल जिला प्रभारी जनगणना कार्य निदेशालय की देखरेख में 34 फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के अंत में प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा पर लापरवाही अक्षम्य होगी।

### आवेदनों के निस्तारण के लिए लगा शिविर

**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय बेड़ी पुलिया में शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण बैंक एवं स्टेट बैंक स्तर पर लंबित पड़े ऋण आवेदनों को तत्काल स्वीकृति प्रदान किया जाना था। कुल 35 पत्रावलियों को स्वीकृति दी गई। इस मौके पर एलडीएम अनुराग शर्मा ने बताया कि पिछले माह की रैंकिंग 46 से वर्तमान माह में रैंकिंग 28 हो गई है, जो स्थिति में अच्छा सुधार दर्शाती है। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों को चेक वितरित किया।

### 26 पीड़ितों के रुपये वापस कराये गये

**चित्रकूट।** साइबर सेल प्रभारी विनोद कुमार राय तथा उनकी टीम ने 26 साइबर अपराध पीड़ित व्यक्तियों के 15 लाख 10 हजार 470 रुपये खातों में वापस कराए। इनके साथ एपीके फाइल से फ्राड, शेयर इन्वेस्टमेंट व खरीदारी की फर्जी साइटो के नाम पर ठगी की गई थी। एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। साइबर सेल प्रभारी के नेतृत्व में आरक्षी सर्वेश कुमार, प्रशांत कुमारने रुपये बरामद किए।

### प्राचीन मंदिर से लाखों के गहने चोरी

**पहाड़ी।** प्राचीन हनुमान मंदिर अकेलवा बाबा से बीती रात गहने चोरी हो गए। इनकी कीमत तीन लाख रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार, थाना पहाड़ी अंतर्गत ग्राम परसौजा में भगवान बजरंग बली का एक प्रसिद्ध मंदिर है, जिसे अकेलवा बाबा के नाम से जाना जाता है। यहां हर मंगलवार शनिवार को श्रद्धालु पहुंचते हैं व भंडारे का आयोजन करते हैं। पुलिस को लिखित सूचना देते हुए पुजारी ब्रजेश कुमार पांडेय ने बताया कि नित्य की तरह वह बीती शाम पूजा अर्चना कर मंदिर के दरवाजे बंद कर अपने आश्रम चले गए थे। सुबह जब पूजा अर्चना के लिए मंदिर जाकर देखा तो ताले टूटे हुए थे तथा भगवान बजरंग बली के मुकुट मंदिर के घंटे सहित लगभग तीन लाख के गहने गायब थे। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। कहा कि चोरी की घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# दुकानों से बरामद हुए सिलेंडर तीन पर दर्ज हुई एफआईआर

## पूर्ति निरीक्षक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



उप जिलाधिकारी पूजा साहू को ज्ञापन देते विधायक अनिल प्रधान।

**अमृत विचार।** गैस की किल्लत की बातों के बीच प्रशासन द्वारा कालाबाजारियों के खिलाफ दुकानों में छापों का सिलसिला जारी है। इस संबंध में क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक कर्वी विनय कुमार पांडेय ने तीन दुकानदारों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि बीते दिन तहसीलदार मानिकपुर दयाशंकर वर्मा, उप निरीक्षक पुलिस विजय कुमार आदि के साथ अहमदगंज स्थित दीपका बर्तन भंडार, कीर्ति बर्तन भंडार में छापा मारा गया। इस दौरान दुकानदार दुकान छोड़कर भाग गया। यहां कुल 14 सिलेंडर पाए गए, जिनमें एक आधा भरा और 13 खाली थे। बताया कि इसी प्रकार मां वैष्णों इंटरप्राइजेस में पांच खाली सिलेंडर पाए गए। दुकानदार सिलेंडरों की मौजूदगी का कोई कारण अथवा अभिलेख नहीं उपलब्ध करा सका।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार इंद्रेश केशरवानी मोबाइल की दुकान से कुल 21 खाली सिलेंडर पाए गए। इन सिलेंडरों को चित्रकूट गैस एजेंसी के सुपुर्द किया गया। सभी के खिलाफ कर्वी कोतवाली में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इन मामलों की जांच इंस्पेक्टर अरविंद कुमार सिंह और यदुवीर सिंह को सौंपी गई है।

### वास्तविकता से परे हैं प्रशासन के दावे : विधायक

**चित्रकूट।** शासन-प्रशासन के रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति के दावों के बीच विपक्षी पार्टियों ने इन पर सवाल उठाए हैं। बीते दिनों आम आदमी पार्टी ने विरोध प्रदर्शन कर सरकार की नीतियों को कटघरे में खड़ा किया था तो सोमवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ विरोध जताते हुए गैस किल्लत की बातें कहीं। उन्होंने उप जिलाधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सपा विधायक ने कहा कि पूरे प्रदेश में गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत है। टोल फ्री नंबरों की व्यवस्था ध्वस्त है। कामर्शियल सिलेंडर पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं, जिससे होटल व्यवसाय बंदी की कगार पर है। शादी समारोहों में दिक्कतें आ रही हैं। आए दिन झगड़े हो रहे हैं। जिला प्रशासन के दावे वास्तविकता से परे हैं। इस मौके पर सुरेंद्र यादव, अरशद खान, हरीमोहन यादव, राहुल सोनी, अमन निषाद, अनिल आजाद, अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

## भक्ति से होती है भगवान की प्राप्ति : तरंग महाराज

**मऊ।** लालता रोड के पास पूरा तालाब परिसर में संजय दास महाराज के आचार्यत्व में श्री गणपति महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई। श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में कथावाचक तरंग महाराज ने सातवें दिन श्रद्धालुओं को गुरु परंपरा के बारे में बताया।



तरंग महाराज।

उन्होंने कहा कि बिना गुरु कृपा से मानव भवसागर से पार नहीं हो सकता। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि आज के समाज को सुदामा जैसे मित्र की आवश्यकता है। यज्ञ के जजमान अभिषेक त्रिपाठी, अतुल त्रिपाठी ने यज्ञ की पूर्णाहुति की। इस दौरान सौरभ त्रिपाठी, तिलक पांडेय, अंकुर शुक्ला, अवध नरेश त्रिपाठी, सुभाष तिवारी, उमेश पांडेय, रिशू मिश्रा, रंजय द्विवेदी रहे।



बेड़ी पुलिया चौराहे के सुंदरीकरण को देखते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

# यातायात प्रभवित न हो इसलिये चौड़ाई 9 मीटर रखें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिलाधिकारी ने बेड़ी पुलिया में मुआयने के दौरान दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को बेड़ी पुलिया चौराहे के सुंदरीकरण का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चौराहे के नक्शे में संशोधन करते हुए इसकी चौड़ाई लगभग नौ मीटर रखी जाए, जिससे यातायात प्रभावित न हो तथा आवागमन सुचारु रूप से बना रहे।

यह कार्य पर्यटन विभाग के अंतर्गत राज्य सेक्टर योजना से स्वीकृत है तथा कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, इकाई-13, बांदा द्वारा कराया जा रहा है। परियोजना की स्वीकृत लागत 620.95 लाख रुपये है। इस परियोजना के अंतर्गत चौराहे पर प्रवेश द्वार, सैंड स्टोन पाथवे, म्यूरल वॉल, व्यू कटर जाली, छतरी व पैडेस्टल, चौराहे का सुंदरीकरण, लैंडस्केपिंग एवं हॉर्टिकल्चर, इलेक्ट्रिकल व लाइटिंग, डस्टबिन, साइनेज तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित आर्किटेक्ट द्वारा परियोजना के अंतर्गत अब तक किए गए साइट विजिट की तिथियों एवं विवरण की सूचना शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात विभाग से आवश्यक एनओसी प्राप्त की गई है अथवा नहीं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। चौराहे पर स्थापित की जाने वाली भगवान श्री रामचंद्र जी की मूर्ति की ड्राइंग एवं डिजाइन भी समुचित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्थल पर स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने की संभावित लागत का आकलन शीघ्र कराया जाए तथा विद्युत शिफ्टिंग के संबंध में आवश्यक पत्राचार तत्काल किया जाए। इसके अतिरिक्त जो सेल्फी प्वाइंट विकसित किया जा रहा है, उसकी 3-डी इमेज एवं फोटोग्राफ जिलाधिकारी से अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालजी को निर्देश दिए कि टॉयलेट के सामने प्रस्तावित वेंडिंग जोन, पुलिस बूथ, हॉर्टिकल्चर क्षेत्र तथा अन्य सुविधाओं की जगह चिह्नित कर उनकी ड्राइंग एवं डिजाइन शीघ्र अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि पाथवे में जो एलाइन्मेंट संबंधी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए तथा सेंटर एलाइनमेंट के डिजाइन को आर्किटेक्ट द्वारा पुनः व्यवस्थित किया जाए। बताया गया कि बेड़ी पुलिया चौराहे के पास पुलिया निर्माण का काम नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्देशित किया कि नीचे से बनी पुलिया का कार्य लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए।



अधिकारियों और शिक्षकों के साथ पुरस्कृत विद्यार्थी। अमृत विचार

# अभिभावकों और बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**पहाड़ी चित्रकूट।** ब्लाक संसाधन केंद्र में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर बीडीओ संजय कुमार पांडेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेंद्र सिंह, बीईओ राजेश कुमार ने निपुण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना से किया गया। शिक्षक मयंक पटेरिया ने प्री-प्राइमरी शिक्षा में सरकार के प्रयासों के सम्बन्ध एवं विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दी। संकुलों के पांच-पांच निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों सहित पुरस्कृत किया गया। संचालन प्राथमिक विद्यालय कुचारम सहायक अध्यापक अशोक गुप्ता ने किया। आंगनबाड़ी सुपरवाइजर आकृति शर्मा, एआरपी डा. रामप्यारे विश्वकर्मा, नोडल संकुल शिक्षक कलवारा कमलेश कुमार कुशवाहा, बछरन जितेंद्र सिंह, शिक्षक रामभूषण पांडेय, लवलेश कुमार, कार्यालय सहायक मितेश मिश्र, प्रयाग नारायण मिश्र आदि रहे।

# हज यात्री को मिलेगी स्मार्ट वाच, अरब में होगी एक्टिवेट

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताए नियम

**अमृत विचार।** इस बार हज जाने वाले यात्रियों को स्मार्ट वाच दी जाएगी। यह भारत में काम नहीं करेगी पर सऊदी अरब जाते ही एक्टीवेट हो जाएगी। यह जानकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने दी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाये जाने के संबंध में हज कमेटी आफ इंडिया ने दिशानिर्देश दिए हैं। मक्के में स्वयं किचन व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। सभी को कैटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत खानपान उपलब्ध कराई जाएगी। हज कमेटी द्वारा एक कामन फूड का चयन कैटरिंग सेवा के लिए विचार किया जा रहा है। प्रत्येक हज यात्री को उड़ान स्थल पर एक स्मार्टवाच भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह डाटा केबिल से रिचार्ज होगी, जिसे प्रत्येक हज यात्री को अपनी कलाई पर पहनना आवश्यक होगा। यह स्मार्टवाच जीपीएस से कनेक्ट होगी, जिससे यात्री के बिछड़ जाने अथवा किसी अन्य समस्या होने पर इसमें लगे बटन को दबाने पर सीधे कंट्रोल रूम में सिग्नल पहुंच जाएगा। इससे यात्री की सही लोकेशन पता लगाने के बाद उसकी समस्या का निवारण किया जा सकेगा। उन्होंने सलाह दी कि हज यात्री अपनी स्मार्टवाच की चार्जिंग पूरी रखें, अन्यथा आवश्यकता पड़ने पर असुविधा होगी। उन्होंने बताया कि सभी हज यात्रियों को उड़ान तिथि आवंटित हो चुकी है। यात्रियों को उड़ान तिथि से दो दिवस पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुंचकर अपनी फ्लाइट की बुकिंग कन्फर्म कराना आवश्यक होगा। यात्री अपने सगे-संबंधी को भेजकर भी करा सकते हैं पर उड़ान तिथि से 24 घंटे पहले यात्री को उड़ान स्थल पर पहुंचना होगा, जहां यात्रा से संबंधित प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। बताया कि हज यात्रियों से पासपोर्ट पहले से जमा नही कराए गए हैं। ऐसे में बुकिंग के समय प्रत्येक को पासपोर्ट लाना आवश्यक होगा। इसके साथ प्रत्येक हज यात्री को अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर हज सुविधा ऐप एवं नुसुक ऐप डाउनलोड करना अनिवार्य है। इसके बिना मदीने में रियाजु जन्नाह के लिए पंजीकरण संभव नहीं होगा। जिन हज यात्रियों ने अपने नंबर के स्थान पर किसी अन्य का नंबर अंकित कर रखा है, वे अपना नंबर रजिस्टर्ड करा लें अन्यथा हज यात्रा के दौरान असुविधा होगी।

# बताने के बाद भी नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन तहसील इकाई की बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बाद में उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव को ज्ञापन दिया गया। किसानों ने इस बात पर रोष जताया कि ज्ञापन देने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता।

भाकियू जिला महामंत्री अरुण पांडेय ने कहा कि विगत माह की बैठक में भी किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ज्ञापन दिया गया था लेकिन उन समस्याओं पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया। अधिकारियों के पटल पर ज्ञापन रखे रहते हैं। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह पटेल ने कहा कि दलहन और तिलहन के समर्थन मूल्य पर खरीद केंद्र न होने से औने-पौने दाम अनाज बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बैठक में किसानों ने गेहूं खरीद केंद्रों पर पहले से ही व्यवस्थाएं कराने, सफाईकर्मियों की उदासीनता, चिल्लीमल पंप कैनाल आदि के मुद्दे उठाए। इस दौरान अजीत शुक्ला, योगेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, उदय नारायण सिंह, जसवंत आदि रहे।

### असफलता की कगार पर जल जीवन मिशन

- जिला संरक्षक छोटेलाल पिंढिया ने कहा कि नमामि गंगे पेयजल परियोजना तहसील क्षेत्र में असफलता की कगार पर खड़ी है। गांवों में पाइप लाइन बिछाई गई है लेकिन पानी के दर्शन नहीं होते हैं। महत्वाकांक्षी योजना कागजों तक सिमटकर रह गई हैं। इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।

### परिक्रमा क्षेत्र में चेन स्नैचिंग, आरोपी दबोचा

**सीतापुर।** तीर्थ क्षेत्र कामदगिरि परिक्रमा में सोमवार को दोपहर मे एक महिला के साथ चेन स्नैचिंग की घटना हुई। यह घटना परिक्रमा मार्ग चौकी क्षेत्र के तुलसी चौरा के आगे हुई। मध्य प्रदेश के गोदावरी क्षेत्र की निवासी नीलम परिक्रमा कर रही थीं, तभी एक युवक मंगलसूत्र छीनने के बाद आरोपी परिक्रमा मार्ग के पास खेत में छिप गया। परिक्रमा मार्ग चौकी पर तैनात सिपाही आशीष ने अन्य लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि एक आरोपी श्यामा प्रसाद को पकड़ लिया गया है। दूसरे की तलाश जारी है।

### क्रमिक अनशन



**चित्रकूट।** पाठा क्षेत्र की मूलभूत जनसमस्याओं को लेकर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा ने शहीद स्मारक पार्क एलआईसी तिराहा में सोमवार से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। युवाओं का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक घर वापसी नहीं होगी। एडवोकेट प्रखर पटेल, समाजसेवी मुकेश कुमार, संदीप, विपिन मिश्रा, एडवोकेट दिनेश पटेल, जयकरन, विपिन, अरुण, अजय, ओम नारायण, सुनील, अतिथ, रामभवन व अन्य लोग अनिश्चितकालीन अनशन में बैठे हैं। अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र आदित्य कुमार के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **संतोष कुमार पुत्र लाखन सिंह – निवासी – बिहारीपुर – पोस्ट पिपरौली शिव – थाना– बेला –तहसील– बिधूना– जिला – औरैया।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा (अर्जुन सेन पुत्र गुरुप्रसाद) टीईटी–2011 का प्रमाणपत्र उच्च प्राथमिक विद्यालय रोल नंबर –07063555 है जो खो गया है। किसी व्यक्ति को मिले तो 6393484452 पर संपर्क करने का कष्ट करें। **अर्जुन सेन पुत्र गुरु प्रसाद नि0– 455/14 कल्याणी देवी शहर उन्नाव।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं SAHIL KHAN से अपना नाम बदल कर MOHAMMAD SHAHIL KHAN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र FARUQ AHMAD **निवासी ग्राम महुआ ढार पोस्ट महादेया इस्टे रेहरा बाजार बलरामपुर** का रहने वाला हूं

**सूचना**
मैंने अपना नाम TABASSUM SIDDIQUIE से बदलकर TABASSUM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-MOHAMMED ABRAR R/O-425/118 BISMIL NAGAR AMBAR GARY, CHOWK DIST-LUCKNOW (U.P.).**

**सूचना**
मैंने अपना नाम MOHAMMAD JANISH से बदल कर MOHD JALEES रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: WARIS ALI R/O: VILL ALLAPUR BHAKHRAULI BADDUPUR FATEHPUR BARABANKI UTTAR PRADESH-225306**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मै KAMAL AHMAD FARUQUE से बदलकर अपना नाम KAMAL AHMAD रख लिया है। अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये। **पुत्र AHMAD HUSAIN निवासी–बर्डपुर–7 टोला मटुवा पंडित पुर जिला–सिद्धार्थनगर** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**
मेरे पति KHALIL AHMAD के पासपोर्ट पर त्रुटिवश मेरा नाम SARAH चढ़ गया है जबकि मेरा सही नाम SARA है। जो कि मेरे सभी दस्तावेजो पर मेरे नाम SARA है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **W/O: KHALIL AHMAD R/O: 56, ALHAN MAU, POST- SARAI BARAI, BARABANKI**

**NOTICE**
This is to inform the public that my High School ( ICSE ) certificate of the year – 2023, Index No – 1234738/014, Unique ID – 7772531 Has been lost. Ayan khan, S/o Mohd. Saleem. Beldaran Tola, Nanpara, Bahraich.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1211797 की मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0902034 की मार्कशीट व सर्टिफिकेट वास्तव में कहीं खो गया है। **अगस्त मुनि पुत्र श्री नरेन्द्र कुमार निवासी– ग्राम तरौना रहीमाबाद मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मै AHMAD HUSAIN FARUQUE से नाम बदलकर AHMAD HUSAIN रख लिया है अब भविष्य मे मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाये। **पुत्र MOHAMMAD MUFTAFA निवासी – बर्डपुर –7 टोला मटुवा पंडित पुर जिला–सिद्धार्थनगर** का रहने वाला हूँ।

**सूचना**
मैं अपने बड़े पुत्र तरूल चन्द्र को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति तथा संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य से मेरा कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा। **दीप्पल प्रसाद पुत्र रामनरेश, ग्राम बिचौपुर मश0 कोल्हुई बिनौनी परगना, तहसील व जिला बलरामपुर।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SHAGUFTA KHATOON W/O MOHAMMAD AKMAL था जो दिनांक 01/03/2026 को मैने अपना नाम बदलकर SHGUFTA KHATOON W/O MOHMMAD AKMAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम बारा पत्थर छावनी सरकार थाना कोतवाली देहात बहराइच, उ0प्र0।**

सम्मान समारोह

रानी अवंतीबाई बलिदान सप्ताह पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# मेधावियों को सम्मानित कर प्रतिभा को सराहा

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट



प्रशस्ति पत्र के साथ खड़े मेधावी छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम गौरिया में 1857 की क्रांति की महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान सप्ताह दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लक्ष्य परिवार के इस कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें करियर संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कल्याण भारती इंटर कालेज की प्रधानाचार्य कल्पना राजपूत के निर्देशन में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। छात्राओं ने स्वागत गीत का प्रस्तुतीकरण भी किया। यूपीएससी परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 212 प्राप्त करने वाले डॉ. यशवर्धन सिंह राजपूत ने दीप प्रज्ज्वलित कर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी, स्वामी ब्रह्मानंद और गुलाब सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बच्चों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और आधुनिक कौशल के आधार पर सही करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। मध्य प्रदेश के जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिलहरे ने युवाओं को करियर पर मार्गदर्शन दिया। जो पढ़ाई में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पसंद का काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने माता-पिता और शिक्षकों से बच्चों की क्षमता पर विश्वास करने और उन्हें मानसिक सहारा देने का आग्रह किया। मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी तथा स्वामी ब्रह्मानंद की तस्वीरें भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डा. कुलदीप सिंह, बिहारीलाल महान, शशिकांत ललितपुर, नरेंद्र झांसी, शिवपाल सिंह महोबा, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम आदि ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा की उपयोगिता बताई। कालेज के बच्चों ने रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर एक लघु नाटिका का भी मंचन किया। आयोजन में जेपी राजपूत, हजारी प्रसाद राजपूत, ईश्वरी प्रसाद राजपूत, सीबी सिंह, दिनेश राजपूत, शंकर दयाल राजपूत, शिव गणेश राजपूत, देवीदयाल राजपूत, सुहानी पांडेय, नरेंद्र सिंह लोधी, रामेश्वर लोधी, हिमांशु राजपूत, बब्बू प्रधान आदि का योगदान रहा।

## बड़े बकायेदारों की संपत्ति जब्त करने के निर्देश

**चित्रकूट।** डीएम ने कैंप कार्यालय से जूम एप के माध्यम से समीक्षा बैठक की। डीएम ने पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों पर विशेष फोकस रखते हुए उन्हें इसी माह अनिवार्य रूप से निस्तारित करने का लक्ष्य दिया। एडीएम को निर्देशित किया गया कि वे सभी एसडीएम और तहसीलदारों द्वारा न्यायालय कार्य की साप्ताहिक रिपोर्ट तैयार कर प्रेषित करें। बताया कि धारा 24 की समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा प्राथमिकता पर की जाती है, अतः अप्रैल में फसल कटने के बाद इनका निस्तारण तत्काल सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने बैंक वसूली के मामले में टॉप 100 बड़े बकायेदारों की संपत्ति जब्त कर वसूली करने के निर्देश दिए।

